


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 122 | रांची, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल 07, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## संक्षिप्त

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में सात नक्सली गिरफ्तार

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम था। यह गिरफ्तारियां ऐसे समय में हुईं हैं, जब 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होना है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के पास से एक मजल-लोडिंग बंदूक, तीन किलोग्राम काला पाउडर विस्फोटक, आठ किलोग्राम वजनी एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी), तीन किलोग्राम वजनी एक टिफिन बम और दो जिलेटिन की छड़ें बरामद की हैं।

### 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, आज से होगा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी। 50 दिन की इस यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल यानी सोमवार से शुरू होगा। यात्रा 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा को खत्म होगी। जो भी श्रद्धालु इस यात्रा पर जाना चाहते हैं, वो आधिकारिक वेबसाइट https://jksasb.nic.in पर पंजीकरण करा सकते हैं।

विस्तृत पेज 09 पर

### ट्रक से टकराई कार और लग गई आग सात लोग जिंदा जले

**सीकर (राजस्थान)।** राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जिले के फतेहपुर के आशीर्वाद चौराहे के पास एक पुल पर ट्रक और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि हादसे में 7 लोग जिंदा जल गए हैं। इस टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई थी। कहा जा रहा है कि हादसा दोपहर करीब 2.30 मिनट पर चूरू-सालासार हाईवे पर हुआ है।

बाकी पेज 08 पर

### देवघर में मुंबई पुलिस पर हमला, दो जवान घायल

**देवघर।** झारखंड के देवघर जिले के करौं थाना क्षेत्र के जग्गाडीह गांव में साइबर अपराधी को पकड़ने गयी मुंबई व करौं की पुलिस टीम पर आरोपियों व परिजनों ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी पुलिस पकड़ से भाग निकला। घटना में करौं पुलिस के एक जवान व मुंबई पुलिस के एक जवान को चोटें आयी हैं। करौं थाना के वाहन को भी आरोपियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा मुंबई के सांताक्रूज थाना की पुलिस ने जिस निजी वाहन को लाया था, उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। एसडीपीओ सुमित कुमार लकड़ा ने कहा कि साइबर अपराधी को पकड़ने महाराष्ट्र की पुलिस पहुंची थी।

शेष पेज 08 पर

# गम्हरिया के मोहनपुर में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का ग्रामीणों ने रोका रास्ता, गांव में घुसने तक नहीं दिया

प्रतिनिधि, गम्हरिया

- ढाई घंटे तक हथियारों से लैस ग्रामीणों के कब्जे में रहीं बीजेपी उम्मीदवार
- गीता गोड़ा ने छह झामुमो कार्यकर्ताओं पर दर्ज करायी एफआईआर
- अनुमंडल प्रशासन के पहुंचने के बाद ही मामला हुआ शांत



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड की विभिन्न पंचायतों का दौरा करने पहुंचीं सिंहभूम की भाजपा प्रत्याशी सह सांसद गीता कोड़ा को मोहनपुर गांव में ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों ने गीता कोड़ा को शनिवार की दोपहर दो बजे से शाम के चार बजे तक घेरे रखा। इस कारण गांव में भाजपा और झामुमो कार्यकर्ताओं में हाथापाई तक की नौबत आ गई। सूचना मिलते ही अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर घटना के डेढ़ घंटे के बाद गम्हरिया बीडीओ और थाना प्रभारी दलबल के साथ वहां पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए सांसद और भाजपा कार्यकर्ताओं को वापस गांव से निकाला।

बता दें कि, रविवार को गम्हरिया मंडल के मोहनपुर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का दौरा प्रस्तावित था। निर्धारित समय के अनुसार गीता कोड़ा भाजपाइयों के साथ मोहनपुर पहुंचीं।

हालांकि, इससे पूर्व उन्होंने मंडल के अन्य गांव का दौरा किया और अपने लिए मतदान करने की अपील भी की। जैसे ही भाजपाइयों का काफिला मोहनपुर पहुंचा कि ग्रामीण उग्र हो उठे और गीता कोड़ा का रास्ता रोक दिया। ग्रामीणों ने कहा कि सांसद रहते इस गांव में उन्होंने कदम तक नहीं रखा। इस दौरान ग्रामीण पारंपरिक हथियारों से लैस थे और लगातार गीता कोड़ा के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे।

ग्रामीणों का कहना था कि बगैर ग्राम सभा से अनुमति लिए चुनाव प्रचार में भाजपाई कैसे पहुंच गए। यह उनकी परंपरा के खिलाफ है। समय रहते प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराते हुए उनके चंगुल से गीता कोड़ा और भाजपाइयों को छुड़ाया। इसके बाद गीता कोड़ा के गम्हरिया प्रखंड में प्रस्तावित सभी दौरे को रद्द कर दिया गया।

**ग्रामीणों में देखा गया आक्रोश :** मालूम हो कि, इससे पहले गीता कोड़ा कांग्रेस में थीं और उस गांव में भी बीते लोकसभा चुनाव में गई थीं। शनिवार को फिर से इस चुनाव में वह गईं। इस कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

शेष पेज 08 पर

### पार्टी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर हमला को लेकर पार्टी नेताओं के एक शिष्टमंडल ने रविवार शाम को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा। बीजेपी नेताओं की ओर से ज्ञापन के साथ ही घटना का वीडियो भी पेन ड्राइव में दिया गया है। वहीं चुनाव आयोग की ओर से मामले में जांच का आदेश दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात करने वाले बीजेपी नेताओं में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रविनाथ किशोर और लक्ष्मी कुमारी शामिल थीं।

### अपनी हार देख कर झामुमो के नेता बेचैन: बाबूलाल मरांडी



इधर, बीजेपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गीता कोड़ा पर हुए हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, अपनी हार देख कर जेएमएम के नेता-कार्यकर्ता बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि जेएमएम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है, उसकी जितनी निंदा की जाय कम हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं, और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं।

शेष पेज 08 पर

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर रविवार को संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। बाद में कई लोगों ने पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**1990 में हुआ था बाबा साहेब की तस्वीर का अनावरण :** लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी केन्द्रीय कक्ष में आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। केन्द्रीय कक्ष में अंबेडकर की तस्वीर का अनावरण 12 अप्रैल 1990 को तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया था।

शेष पेज 08 पर

## पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वयं जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र

- जीरो बिजली बिल, यूसीसी का वादा और 3 करोड़ नए घर की गारंटी

एजेंसियां, नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अब गिनती के दिन रह गए हैं। चुनाव के लिए बीजेपी ने अपना मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने तीसरी टर्म की सरकार के लिए नए लक्ष्य गिनाए। पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में एक राष्ट्र एक चुनाव, समान नागरिकता संहिता कानून, जीरो बिजली और तीन करोड़ नए घरों को लक्ष्य रखा है।

बीजेपी के संकल्प पत्र का मसौदा तैयार करने के लिए पार्टी ने पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। समिति ने कई बैठकों के बाद संकल्प पत्र को अंतिम रूप दिया।

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, किरण रीजीजू और अर्जुनराम मेघवाल के अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद सहित कुल 27 नेता इस समिति के सदस्य थे। उधर, आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में अपनी पार्टी वाईएसआरसीपी के लिए प्रचार कर रहे मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी पर शनिवार को अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव किया, जिसमें वह घायल हो गये। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है, ''मुख्यमंत्री जब अपने बस टूर के दौरान सिंह नगर के विवेकानंद स्कूल सेंटर में भीड़ का अभिवादन कर रहे थे तब उन्हें पत्थर आ लगा।''

दूसरी तरफ कांग्रेस ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी लोकसभा से राज्य सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। जिसके साथ ही इस सीट पर उनके और भाजपा उम्मीदवार एवं अभिनेत्री कंगना रनौत के बीच एक बेहद दिलचस्प चुनावी मुकाबला होने की उम्मीद है।

### कांग्रेस ने 10 और सीटों पर किया अपने उम्मीदवारों का एलान

## उत्तर पूर्वी दिल्ली में मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार होंगे आमने-सामने

एजेंसियां, नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 10 नामों की 13वीं सूची जारी की है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इस बार मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार को उतार दिया है। कांग्रेस ने 13वीं लिस्ट में कुल 10 प्रत्याशियों का एलान किया है। दिल्ली की चांदनी चौक सीट से जेपी अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया गया है। इसके अलावा पंजाब की 6 सीटों पर भी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों का एलान किया है। पंजाब की अमृतसर सीट पर गुरजीत सिंह औजला, जालंधर से पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा और पटियाला से डॉ. धर्मवीर गांधी को टिकट दिया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट पर उज्ज्वल रेवती रमन सिंह पर भरोसा जताया गया है।

शेष पेज 08 पर

## आरक्षण को कुछ नहीं होने देंगे, ना कांगेस को इसे खत्म करने देंगे: शाह



**खैरागढ़ (छत्तीसगढ़)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को खैरागढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण को कभी खत्म नहीं होने देगी और ना ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। इसके साथ ही अमित शाह ने लोगों से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल देने की अपील की। शाह ने कहा कि ऐसा करना जरूरी है, ताकि अगले 3 वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद की समस्या को खत्म किया जा सके।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने अपने 10 साल के शासनकाल में माओवादी हिंसा को खत्म कर दिया, लेकिन छत्तीसगढ़ में कुछ हद तक यह अब भी व्याप्त है। आज बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। पूरा देश उन्हें दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों के उत्थान की दिशा में किए गए महानतम कार्यों के लिए याद कर रहा है।

शेष पेज 08 पर

### पांच राज्यों में नक्सली बंद आज, सुरक्षा बलों के कैंप पर फायरिंग

**छत्तीसगढ़।** नक्सलियों ने 15 अप्रैल को छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओड़िशा और महाराष्ट्र में बंद बुलाया है। बीते दो अप्रैल को बीजापुर में पुलिस के साथ मुठभेड़ के विरोध में यह बंद बुलाया गया है। इससे पहले नक्सलियों ने बीजापुर जिले के छूटवाही कैम्प पर बीजीएल से हमला करने की कोशिश की। बताया जाता है कि नक्सलियों ने कैम्प पर कई बीजीएल फायर किए। जवानों की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। नक्सलियों के बंद को देखते हुए सुरक्षा बल और पुलिस अलर्ट हैं।

शेष पेज 08 पर

## सरबजीत सिंह के हत्यारे की पाक में हत्या 'अज्ञात हमलावरों' ने लगा दिया ठिकाने



- विदेशी धरती पर भारत के 20 दुश्मन आतंकियों की हत्या से सनसनी

**लाहौर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के लाहौर में जहां भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की रविवार को हत्या कर दी गई। 'अज्ञात हमलावरों' ने सरफराज को गोलियों से उड़ा दिया। सरफराज ने ही साल 2013 में पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारों पर हत्या कर दी थी। सरफराज और अन्य के खिलाफ पाकिस्तान में सरबजीत सिंह पर हमला करने का केस चला था, लेकिन 2018 में सबूतों की कमी के आधार पर उसे बरी कर दिया गया था।

पंजाब के तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले किसान सरबजीत सिंह गलती से 30 अगस्त 1990 को पाकिस्तानी चले गए थे।

शेष पेज 08 पर

### लॉरेंस बिश्नोई के भाई ने ली सलमान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी



**मुंबई।** रविवार की सुबह अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर फायरिंग से सनसनी फैल गयी है। बता दें कि, सलमान खान को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। उसने एक इंटरव्यू में कहा भी था कि उसका गोल सलमान को मारना है।

शेष पेज 08 पर

# रामनवमी को लेकर बदल जाएगी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था

कुमार राजेश, रांची



रामनवमी का पर्व 17 अप्रैल, 2024 को मनाया जाएगा। इस अवसर पर रांची शहर के विभिन्न अखाड़े 16 अप्रैल को शाम में झांकियां निकालते हैं। रामनवमी का मुख्य शोभायात्रा जुलूस 17 अप्रैल, 2024 को निकाला जाएगा।

इसके साथ ही 18 अप्रैल, 2024 को चैती दुर्गाजी का विसर्जन भी निर्धारित है। इसे लेकर रांची शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर के कई मार्गों में रामनवमी शोभा यात्रा/जुलूस के आधार पर यातायात को जरूरत के मुताबिक डायवर्ट किया जाएगा।

**16 अप्रैल की व्यवस्था :** 16 अप्रैल को शाम 4 बजे अपराह्न से 17 अप्रैल, 2024 के पूर्वाह्न 6 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे।

- 16 अप्रैल को शाम 4 बजे से 17 अप्रैल, 2024 के पूर्वाह्न 6 बजे तक किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

**17 अप्रैल की व्यवस्था :** 17 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से 18 अप्रैल, 2024 के प्रातः 4 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। 17 अप्रैल को निजी और यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में अपराह्न 1 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा।

- किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक की तरफ से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक और सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे। उसी जगह से अन्य मार्ग पर परिचालित होंगे।
- जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- प्लाजा चौक से अलबर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

शेष पेज 08 पर

### अयोध्या के राम मंदिर में आज से चार दिन तक नहीं होंगे रामलला के वीआईपी दर्शन



**अयोध्या।** रामनवमी के पहले से ही रामलला के वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। सोमवार से गुरुवार तक के लिए यह प्रतिबंध लगाए गए हैं। रामनवमी पर श्रद्धालुओं की लाखों की भीड़ आने की संभावना के चलते यह निर्णय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने लिया है। इसके साथ ही पूर्व में 15 से 18 अप्रैल तक के लिए ऑनलाइन बनवाए गए पास को भी रद्द कर दिया गया है।

शेष पेज 08 पर

## ईरान- इजरायल युद्ध में ब्रिटेन की एंट्री फाइटर जेट्स से मार गिराए कई ड्रोन



**नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच युद्ध शुरू हो गया है। इसी बीच अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी एंट्री ले ली है। रविवार को उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हमारे फाइटर जेट्स ने ईरान के कई ड्रोन को मार गिराया है। ये ड्रोन ईरान ने इजराइल पर हमले के दौरान दागे थे। सुनक ने दोनों देशों के बीच बढ़ रहे संघर्ष को रोकने के लिए शांत रहने का आह्वान किया। बता दें कि, ईरान ने इजरायल के ऊपर करीब 200 मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हालांकि इजरायली सेना का कहना है कि इनमें से ज्यादातर को हवा में ही मार गिराया गया। अटैक के चलते इजरायल डिफेंस फोर्स के बेस पर थोड़ा-बहुत नुकसान पहुंचा है। आईडीएफ के मुताबिक एरो एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए ईरानी मिसाइलों को इजरायली एयरस्पेस तक पहुंचने से पहले ही ध्वस्त कर दिया गया।

## संक्षिप्त

### अम्बेदकर जी ने बोलने का हमें अधिकार दिया : देवेंद्र नाथ महतो

**रांची** : संविधान के रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर का आज जन्मदिन हर्ष-उल्लास के साथ पुरे झारखंड में मनाया गया। बाबा साहेब के नक्शे कदम में चलने शपथ लिया गया। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर रांची लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो द्वारा टाटीसिलवे, आम बागान में बाबा साहेब की जयंती को मनाया गया। श्री महतो ने कहा की अंबेडकर साहब का ही देन है की आज हम स्वतंत्रता से अपने बातों को रख पा रहे हैं। बाबासाहेब शोषित वर्ग में पैदा लेने वाले एक ऐसा महा मानव थे जिन्होंने शिक्षा के उच्चतम शीर्ष को प्राप्त करते हुए देश के प्रथम कानून मंत्री बने। देश के सबसे बड़ा ग्रंथ संविधान को लिख डाले। जिसके आधार पर आज हम अपने हक-अधिकार के लड़ाई को लड पा रहे हैं। टाटीसिल्वे में हुए इस जयंती समारोह के दौरान विमल महतो, विराट बाबू, राजू महतो, फलिंदर करमाली, मार्शल, सूरज, खतियाणी सुमित, योगेश मुंडा, लखींद्र, रामपोदो, हेमंत कुमार, वीरेंद्र कुमार, रीना देवी, अमृता देवी आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### भगतसिंह चौक व बिरसा चौक में मनी अम्बेदकर जयंती

**रांची** : रविवार को भगतसिंह चौक राहे व बिरसा चौक नुरू में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर संविधान बचाओ दिवस मनाया गया, संविधान, लोकतंत्र,व देश की रक्षा का शपथ लिया गया। भीमराव अम्बेडकर अमर रहे, भारतीय संविधान अमर रहे आदि नारे लग रहे थे। भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने डा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा अम्बेडकर के रास्ते ही खुशहाल भारत का सपना पूरा किया जा सकता है,समानता, सद्भाव,भा ?ईचार , लोकतंत्र की बहाली संभव है। आज संविधान की रक्षा सर्वोपरि है। करोड़ों का चुनावी बंड का घोटाला दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। इस अवसर पर श्रवन मुंडा, पुसु मुंडा, कालो कुम्हार, मनोरंजन शेखर, रनजीत सिंह, ब्यास लोहरा, बलदेव लोहरा, रामू लोहरा, सुकरा कुम्हार, संतोष गोंझू संदीप मुंडा, चमरू मुंडा, सुखराम मुंडा, समल मुंडा, बुद्धदेव मुंडा प्रकाश मुंडा आदि उपस्थित थे।

### झामुमो ने अम्बेदकर जयंती पर किया धरना प्रदर्शन

**रांची** : बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आयोजित किया। केंद्र सरकार और भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धरना आयोजित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है नियम है, कानून है और उसी के तहत लोकतंत्र है। इस वक्त मे बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि जो है वो इस संविधान में दिए गए अधिकार, बोलने का अधिकार जीने का अधिकार और उसके साथ जो लगातार खिलवाड़ हो रहा है।

### पुलिस की छापेमारी में होटल से शराब बरामद

**रांची** : चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा स्थित संतोष लाइन होटल में छापामारी कर 15 पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया है। मामले में होटल संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार अवैध रूप से नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# जनजाति समाज की बदौलत ही पर्यावरण सुरक्षित : संजय सेठ

संवाददाता

**रांची।** रविवार (14 अप्रैल 2024) को वनवासी कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में राजधानी रांची स्थित आरोग्य भवन, बरियातू सभागार में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रांची महानगर अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने प्रस्तावना के रूप में वनवासी कल्याण केन्द्र के द्वारा जनजाति हित में किये जा रहे सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।






## वनवासी कल्याण केन्द्र का आरोग्य भवन, बरियातू सभागार में सरहुल मिलन समारोह आयोजित

समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज अगर पर्यावरण को कोई सुरक्षित रखा है, तो वह है जनजाति समाज। जनजाति समाज यदि नहीं होता, तो पर्यावरण संतुलन नहीं रहता और पर्यावरण संतुलन नहीं रहने से सृष्टि का विनाश अवश्य होता।

डॉ. एचपी नारायण ने कहा कि सरहुल पर्व केवल प्रकृति पर्व ही नहीं है, बल्कि प्रकृति के सभी प्राणियों का मेल-मिलाप है। पेशा कानून झारखंड में अभी तक लागू नहीं हुआ है और लागू नहीं होने से जनजातियों की रीति-रिवाज-परम्परा संरक्षित नहीं हो पा रही है। इसीलिए आप सभी जागिये और अपना हक मांगिये।

झारखंड पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव ने कहा कि, धरती ही परिवार है, सभी जनजाति प्रकृति को पूजते हैं। परिवार को पूजा जाता है। सरहुल के ही दिन धरती माता और सूर्य देवता का विवाह हुआ था। इसी दिन से जनजाति समुदाय नये-नये फल, सब्जियों को पूजा करने के उपरांत सेवन करते हैं तथा इसी दिन से नये साल का शुभारंभ होता है।

सखुवा पेड़ के पते से दौना एवं पत्तल बनाते हैं और साल के बीज को महुवा के फल के साथ मिलाकर खाते हैं। जनजातियों का कोई इतिहास ग्रंथ नहीं है, जबकि अन्य समाज का इतिहास लिखित है। जनजातियों का पग-पग, डेग-डेग में गीत गोविन्द, मांदर, ढाक में इतिहास लिखा हुआ है। संथाली में इसे बहा पर्व के रूप में प्रकृति की पूजा करते हैं। प्रकृति में बरगद, तुलसी, पीपल को पूजते हैं।

भारतीय सभ्यता ने ही पर्यावरण के साथ-साथ परम्परा को भी संरक्षित रखा है। इसके साथ ही निशा उरांव ने पेशा कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बीच-बीच में डॉ. बुटन महली एवं लक्ष्मीकांत बड़ाईक ने सरहुल गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावे अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुये।

कार्यक्रम को देवव्रत पाहन, बीआईटी के प्रो. डॉ. प्रदीप मुंडा एवं साईंनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एसपी अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कई मौजा के पाहनों एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप उरांव एवं प्रदीप लकड़ा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जनजाति सुरक्षा मंच के प्रमुख पाहन विमल पाहन ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मेघा उरांव, सोमा उरांव, हिन्दुवा उरांव, सन्नी उरांव, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, विजय केशरी, हीरेन्द्र सिन्हा, नरेश पाहन, महेश मुंडा, पिंकी खोया, सुशील मरांडी, देवनन्दन सिंह, तुलसी महतो, देवकी मुण्डा, नरेश मुण्डा, अमित मुण्डा, रामकुमार पाहन, सुजाता मुण्डा, ललिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, प्रतिभा गोयल, पूनम गुप्ता, रणधीर सिन्हा, बीरेन्द्र सिंह पवन मंत्री अर्जुन राम, डॉक्टर अटल पांडेय, भीम मुंडा, जितेश्वर मुंडा, रवि प्रकाश उरांव, प्रेम प्रकाश उरांव आदि उपस्थित थे।

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित : के. रवि कुमार

संवाददाता

**रांची** : सुनीता देवी कहती हैं, 'इस बार के चुनाव में किसी प्रलोभन में न आकर अपनी समझ से सही उम्मीदवार को चुनना है। पैसा, शराब या किसी अन्य प्रकार के लुभावन अथवा बहकावे में आकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं करना, बल्कि सोच-समझ कर अपने मत का इस्तेमाल करना है।' सुनीता देवी गुमला, सिसई के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप से जुड़ी हैं। रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार इस मतदान केन्द्र का जायजा लेने पहुंचे थे। वह जानना चाहते थे कि सुनीता लोगों को नैतिक मतदान (एडूॅ' शङ्गङ्गङ्क) के विषय में क्या जानकारी दे रही हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहनेवाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविद्याएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही, सभी मतदान केन्द्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर नियुक्त किये गये हैं।




उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। वह रविवार को सिसई के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 20 एवं 21, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केन्द्र संख्या 108 के निरीक्षण के क्रम में बूथ अवेयरनेस ग्रुप, वॉलेंटियर्स एवं बीएलओ से मिलकर उनके निर्वाचन सम्बन्धित जबाबदेहियों से अवगत कराते हुए उनका संवेदीकरण कर रहे थे। बोरांग ग्राम प्रधान दिलेशर उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोग बानालात स्थित मतदान केन्द्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते थे जिस वजह से बूढ़े बुजुर्ग लोग अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे। इस बार अपने गांव में मतदान केन्द्र बन जाने से हम सब अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पायेंगे। दिलेशर उरांव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा गुमला बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केन्द्र संख्या 109 के निरीक्षण के क्रम में कहा। ज्ञातव्य है कि पहले के निर्वाचनों में नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण आस पास के 08 मतदान केन्द्रों के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बानालात जाया करते थे। मतदान केन्द्र 108 के निरीक्षण के दौरान 87 वर्षीय दिव्यांग भूखली देवी की जानकारी प्राप्त हुई, जिनके मतदान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग कराने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के समय के बारे में मतदान केन्द्र संख्या 22 की बीएलओ ओकिला देवी से पूछा, तब उन्होंने बताया कि इस बार सुबह 07 बजे से शाम के 05 बजे तक मतदान रहेगा। पहले 03 बजे ही खत्म हो जाता था। हमलोग 05 बजे तक इस बार मतदान करायेंगे और जो 05 बजे तक लाइन में खड़े हो जायेंगे, उनका भी हमें मतदान कराना है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सम्बन्धित मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची से क्रमवार मतदाताओं के विषय में बीएलओ से जानकारी मांगी। सभी बीएलओ द्वारा आपने क्षेत्र के मतदाताओं की समुचित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी गयी। उन्होंने मतदान दिवस , फॉर्म 6 कब तक भरे जा सकते हैं, क्षेत्र में आयीं नयी बहुओं को मतदाता सूची में जोड़े जाने की प्रक्रिया, ईवीएम/वीवीपैट आदि मतदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर बीएलओ की जानकारी से अवगत हुए। इस अवसर पर बीएलओ द्वारा दिये गये जवाबों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णतः संतुष्ट हुए। उन्होंने इस अवसर पर मतदान के दिन नियुक्त वॉलेंटियर से भी बात की एवं उनके कार्यों के विषय में उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला सहित गुमला जिला के निर्वाचन से सम्बन्धित पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## चैती छठ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य देवता को दिया अर्घ्य





संवाददाता

**रांची।** चार दिवसीय चैती छठ का आज रविवार को तीसरा दिन है। राजधानी रांची के कोकर स्थित मां दुर्गा के उपासक अखिलेश सिंह की छत पर छठ व्रती पत्नी सुमन सिंह ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। मौके पर अंकित कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अतुल मेहता, विशांत सिंह आदि ने अर्घ्य दिलवाया। यहां बता दें कि, चैती छठ में पहले अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जा जाता है और उसके अगले दिन सुबह उदीयमान सूर्य देवता को अर्घ्य दिया जाता है। छठ व्रती और श्रद्धालु सोमवार (15 अप्रैल) को उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देंगे। कल यानी सोमवार की सुबह 5 बजकर 28 मिनट पर सूर्योदय होगा। उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय आस्था के महापर्व चैती छठ का समापन होगा। लोकआस्था के महापर्व चैती छठ को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि यह व्रत महिला और पुरुष दोनों करते हैं। इस व्रत में साफ-सफाई और शुद्धता की प्रधानता होती है। 12 अप्रैल यानी शुक्रवार को नहाए-खाए के साथ छठ शुरू हुआ। वहीं 13 अप्रैल यानी शनिवार शाम को छठव्रतियों ने खीर, दूध एवं फल का भोग छठी मैया को लगाया। इसके बाद उन्होंने प्रसाद खाकर 'खरना' किया। बता दें कि खरना के साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान 11.45 लाख बरामद



**रांची** : रांची के लालपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान प्लाजा चौक के समीप से रविवार को एक स्कूटी से 11 लाख 45 हजार रुपया बरामद किया है। पुलिस ने स्कूटी सवार व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पंडरा के व्यवसायी का पैसा है। मामले की जानकारी मिलते ही आईटी की टीम भी मामले की जांच करने पहुंची है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## सीएमपीडीआई में डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी

संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई के 'मयूरी प्रेक्षागृह' में भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की 133वीं जयंती 14 अप्रैल को मनायी गयी। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ भीमराव अम्बेदकर के योगदान को याद किया।




मौके पर सीएमडी कुमार ने लोगों से डॉ भीम राव से संबंधित साहित्य एवं पुस्तकें पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे उनके आदर्शों और सिद्धांतों के वास्तविक सार को जानने व समझने में सहूलियत होगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सेल के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार त्रिशरण ने स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में तीन महत्वपूर्ण कारक हैं, जो देश के सभी नागरिकों को सशक्त बनाता है। आगे कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज की भलाई के लिए व्यक्ति को सामाजिक बनाना, नैतिक बनाना और सामाजिक न्याय के लिए प्रयास करना है।

इस अवसर में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) के अध्यक्ष केएम डार्विन, प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, टुकलाल निराला, एससी/एसटी/ओबीसी परिषद् के सदस्य गोरेलाल पासवान, राजेश साव, मनोज कुर्रे, श्रीमती मीरा कुमारी एवं अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित ड्राइंग और क्वीज कम्पीटिशन के विजेताओं को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक शंकर नागाचारी एवं अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती ने सम्मानित किया। इससे पूर्व, सीएमपीडीआई कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली गयी।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का भव्य पूजा पंडाल उद्घाटन आज

संवाददाता

**रांची** : रविवार को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा एक प्रेस वार्ता की गयी जिसमें पूजा के संबंध में निम्न बाते बताई गई। इस प्रेस वार्ता में मुख्य संरक्षक श्री उदय साहू, राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष शंकर दुबे महामंत्री गोपाल पारीक कोषाध्यक्ष श्री संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय शामिल थे। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब षष्ठी (बेलवरन) 14.04.2024 आमंत्रण 04.40 बजे शाम में 15.04.2024 को नवपत्रिका आगमन एवं सुबह 7:35 बजे सर्वदेव पूजन एवं माता की प्राण प्रतिष्ठा, पूजा पंडाल का पट पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सुबह 9:30 बजे सभी के लिए खोल दिया जाएगा। 16.04.2024 महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन 501 किलो लड्डू एवं भजन मंडली के साथ रात्रि 08:00 बजे महावीर चौक हनुमान मन्दिर की ओर प्रस्थान करेगी। 17.04.2024 प्रातः 9:00 बजे नवमी पूजन एवं रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्री महावीर मंडल के पदाधिकारीयों के साथ प्रस्थान करेगी। 18.04.2024 पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन, दोपहर 3:00 बजे से विसर्जन शोभायात्रा विसर्जन शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्री राम जन्मभूमि में श्री राम लाल जी की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकी का प्रदर्शन होगा।

# भूखे को भोजन खिलाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं

संवाददाता

**रांची** : संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल ने संजय अग्रवाल को जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे मंदिर मे श्री राज श्यामा जी ( राधा-कृष्ण) भगवान के सामने चंदन का तिलक कर अंग वस्त्र, मेटल का राधा कृष्ण भगवान का हार उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया। उसके पश्चात 144 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 1400 श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 144वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डाक्टर श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 143 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 143वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पति संजय अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी धर्म पत्नी निशी अग्रवाल पुत्र आकर्ष अग्रवाल पुत्री सोनल अग्रवाल एव




अग्रवाल परिवार के सौजन्य से की गई। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 14 अप्रैल 2024 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग T.O.P. के पीछे, पुंदाग, रांची के प्रांगण संजय अग्रवाल एव निशी अग्रवाल, आकर्ष एव सोनल अग्रवाल के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले लगभग 1400 श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 144 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में पुडी, कचोडी,आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई में केसरीया खीर गर्म केसरीया जलेबी, बदाम ठण्डई, आलु चिप्स एवं 1 लीटर का बोतलबंद मिनरल वाटर की 1, 1 बोतल पानी सभी आये हुए श्रद्धालुओको विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल छावनिका, विशाल जालान, बिष्णु सोनी,मनीष सोनी, अंजनी अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी, शिवभगवान अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पवन पोद्दार, सुशील गाडोदिया, सुरेश भगत, सुशील नारसरीया, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, चिरंजीलाल खणडेलवाल, बिमल मोदी, चन्द्रदिप साहु, महेश वर्मा, प्रेम कुमार,परमेश्वर साहु महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,सिता देवी शर्मा, उर्मिला पाडिया, मीरा देवी अडुकिया, निशी अग्रवाल, सोनल अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### 04 बदमाश गिरफ्तार, 03 कट्टा व 09 गोली बरामद

**गुमला :** पुलिस ने पटेल चौक के नजदीक लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह, शुभम कुमार और बबलू साहू है। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चपका के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन देशी कट्टा, .303 एमएम की चार गोली, .315 एमएम की तीन गोली और 12 बोर का दो गोली पुलिस ने बरामद की है। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों बदमाश भागने लगे। पुलिस बल ने सभी को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में तीन देशी कट्टा, 9 गोली बरामद की। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सभी पहले आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी समेत कई अपराध में जेल जा चुके हैं।

### भार्गव सेना ने परशुराम मंदिर के लिए एक और गाने का किया विमोचन

**मेदिनीनगर :** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा झारखण्ड के पलामू की धरती मथुरा बाड़ी रेड़मा में भगवान परशुराम जी के मन्दिर का निर्माण करवा रही है, इस मंदिर को लेकर पूरे भक्त गण भक्ति में सराबोर हैं इसी भक्तिमय माहौल को चार चांद लगाने के लिए बीते दिवस राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर एक और नए गाने का विमोचन किया गया, इस गाने को अपने स्वर से झारखण्ड के लोकप्रिय गायक भांगड़ भोला फेम महानायक उमाशंकर मिश्रा ने सजाया हैं। इस गाने को एक साथ सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित कई अन्य प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया,ताकि सभी श्राद्धलूओं तक आसानी से यह गीत पहुँच जाय, आप सभी को ज्ञात है इससे पहले भी भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर दो गाने का विमोचन भार्गव सेना के तत्वावधान में हो चुका है ।इस गाने के विमोचन कार्यक्रम की शुरूवात मन्त्रों उच्चारण के साथ किया गया जहां भार्गव सेना के पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने महानायक उमा शंकर मिश्रा को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि परशुराम मंदिर को लेकर पूरे राज्य में भक्तिमय माहौल है ।

### चैती छठ के मौके पर छठ व्रत का आयोजन

**गुमला :** आस्था का पर्व चैती छठ का चलन गुमला में भी बढ़ता जा रहा है तालाब घाट की अच्छी व्यवस्था नहीं होने के कारण छठ व्रत करने वाले लोग अपने घर के आसपास ही छोटा सा तालाब का निर्माण कर रहे हैं। जहां छठ पर्व सुविधा पूर्वक मनाया जा सके गुमला शहर से दूर बेलगांव में छठ का व्रत धूमधाम से मनाया गया छठ घाट पर छठ व्रत अर्चना देवी ने किया साथ में आरती सोनी राजलक्ष्मी लकड़ा सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी करुणा निधि ठाकुर संतोष झा आयुष कुमार शारदा कुमारी रलक्ष्मी कुमारी इशिका कुमारी अंशिका कुमारी आशा देवी मीता देवी सीता देवी जीत मनी देवी आण्वी कुमारी एवं बच्चे उपस्थित थे।

### लक्ष्मण नगर में चोरों का आतंक

**गुमला :** शहर से सटे लक्ष्मण नगर स्थित रौतिया भवन के समीप विश्वनाथ सिंह के घर में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने बाउंड्री लांघकर कुएं में लगे पानी मोटर की चोरी कर ली। सुबह घर वाले मोटर चलाने लगे तभी उन्हें चोरी की घटना का पता चला। वहीं पड़ोस के रहने वाले मोहन सिंह के घर से भी चोरों ने घर में घुसकर बकरी की चोरी कर ली। मामले को लेकर गुमला थाना में शिकायत करने की बात कही।

# जोबा मांझी ने जयंती पर बाबा साहब को किया नमन






संवाददाता

**चाईबासा।** संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती रविवार को चक्रधरपुर में मनायी गई। इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चक्रधरपुर के रेलवे हाई स्कूल मैदान में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों के अलावे समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड की पूर्व मंत्री व महागठबंधन की प्रत्यानशी जोबा मांझी ने भी डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर मांझी ने भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबा साहेब ने छुआछूत, जातिवाद को मिटाने के लिये आंदोलन किया था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ भीम राव अंबेडकर हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके बताये गये मार्ग पर चलकर ही सभी लोग आपसी मतभेद मिटा पाएंगे।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामड, झारखंड आंदोलनकारी सुखदेव हेम्ब्रम, अनूप सिंहदेव, बुधराम उरांव, पप्पु प्रसाद, निर्मल राम, चमरु जामुदा, भरत सिंह गागराई, गोविंद दास, जयद्रत दोंगो, जहांगीर हुसैन, जेम्स कच्छप, स्वरुप चक्रवर्ती, बुधदेव महतो, योगेन्द्र मुंडरी समेत अन्य लोगों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। रेलवे स्थित के एससी-एसटी कर्मचारी संघ की ओर से संघ के कार्यालय में डॉ अंबेडकर को याद किया गया। मौके पर संघ के सदस्यों ने बाबा सहब की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उनके बताये गये मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती

**चक्रधरपुर।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा कार्यकताओं ने मनाई। इस अवसर पर 14 अप्रैल को भाजपा नगर कमेटी के सदस्योंन ने स्थानीय रेलवे हाई स्कूल मैदान स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ललित मोहन गिलुवा, जिला मंत्री अशोक दास, नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, संजय पासवान, दीपक सिंह, अश्वनी प्रामाणिक, परमेन्द्र चौहान, अमर शर्मा, दुर्योधन प्रधान के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन ने लिया संविधान-लोकतंत्र बचाने का संकल्प

**झुमरीतिलैया :** बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुमरीतिलैया में सुभाष चौक के समीप अंबेडकर पार्क और तिलैया बस्ती स्थित अंबेडकर चौक पर इंडिया गठबन्धन ने बाबा साहब की जयंती मनाई। गठबन्धन के नेताओ ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और जय भीम-जय संविधान का नारा बुलंद किया। इंडिया गठबन्धन के नेताओ ने जयंती पर संविधान-लोकतंत्र बचाने का संकल्प लिया। राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र की सत्ता में है।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा साहब का जन्मदिन



बरवाडीह/लातेहार : रविवार को बरवाडीह प्रखंड में धूमधाम से विभिन्न सामाजिक और राजनितिक के द्वारा बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जंयती समारोह मनायी गई। प्रखंड मुख्यालय के बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, समेत अन्य अतिथियों ने शिरकत की जहाँ अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा गाजेबाजे के साथ अतिथियों के बाबा साहब की प्रतिमा स्थल तक लाया गया जहाँ विधायक और जीप सदस्य के साथ बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बिधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, विजय बहादुर सिंह मनोज जयसवाल, अन्य अतिथियों के बाबा साहब की प्रतिमा का मालयर्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और सभी ने बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए। अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा रैन बसेरा परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे यूपी से आयी गायिका पूजा ने अपने गीतों से मौजूद लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान अम्बेडकर विचार मंच के रविद्र राम, अवधेश मेहरा, श्री राम दीपक राम, रवींद्र पासवान, सुमन कुमारी, अजय दास समेत अन्य के द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर भाजपा मंडल कमिटी के द्वारा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतित्व में सभी शक्ति केंद्र में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जंयती कार्यक्रम कर लोगों को बाबा साहब के द्वारा समाज में लोगों के अधिकार को लेकर लाये गये मजबूत कानून के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान खुरा पंचायत के खुरा गाँव में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के नेतित्व में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब की जंयती मनायी गई जिसमे भाजपा नेता सुनील सिंह, विकास सिंह पारस जयसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पूरे देश में चल रही बदलाव की लहर : रूचिर तिवारी

संवाददाता

**पलामू :** रविवार को गढ़वा जिला के रमणा प्रखंड अंतर्गत मुखर्जी नगर में भाकपा पलामू के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने जनसंपर्क अभियान किया जहां पर उनका जोरदार स्वागत माला पहनाकर किया गया। सभा को गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश राम, रामेश्वर प्रसाद अकेला ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर बह रही है और पलामू लोकसभा सीट भी इसबार बदलाव के लिए तैयार है। इस बार पलामू के बाहरी प्रत्याशी को हराकर यहां की जनता बक्सर एवं जमशेदपुर उनको वापस भेजने का काम करेगी एवं पलामू धरती पुत्र अभय कुमार भुइंया को हंसुआ बाली छाप पर बटन दबाकर जिताएगी। 10 वर्ष से पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को भाजपा के सांसद ने सिर्फ छलने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की तरह भाजपा के सांसद भी आम जनता को झूठा दिलासा दिला कर अंतिम समय में उद्‌घाटन और शिलान्यास करने का काम कर रहे हैं, जिसको जनता समझ चुकी है।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलानेवालों पर होगी कार्रवाई : सोनू कुमार



संवाददाता

**गारू :** रामनवमी पर्व को लेकर रविववार को गारू थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पूजा समितियों के साथ निकलने वाली जुलूस को लेकर चर्चा की गई ।इस दौरान डीजे को लेकर विशेष निर्देश जारी किया गया। रामनवमी को लेकर पुलिस पुरी तरह से अलर्ट है ।थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को थाना प्रभारी सोनू कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने पूजा समितियों के साथ निकलने वाले जुलूस को लेकर चर्चा किया। इस दौरान सभी समितियों ने अपना जुलूस रुट बताया। जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किया गया। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बता दें कि रामनवमी को लेकर शहर में धूमधाम से जुलूस पुरे प्रखंड क्षेत्र में निकाली जाती है। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

## तेंदुआ ने हमला कर 9 बकरियों को मार डाला, ग्रामीणों में दहशत



संवाददाता

**गुमला।** जिले के पालकोट प्रखंड में तेंदुआ ने हमला कर नौ बकरियों को मार डाला। भौंक रहे एक कुत्ते को भी तेंदुआ ने मार दिया। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। मृत बकरी के शरीर पर तेंदुआ के दांत, नाखून और जमीन पर तेंदुआ के पैर के निशान पाए गए। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनपाल कृष्णा महतो ने ग्रामीणों से बातचीत की।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा भी दूर जंगल के क्षेत्र में तेंदुआ होने की बात कही गई थी। हालांकि हम विश्वास नहीं कर रहे थे, लेकिन 9 बकरियों को मारने के बाद हमें पूरा विश्वास है कि तेंदुआ इस क्षेत्र में ही है।

विभागीय अधिकारियों ने कहा कि टीम बनाकर तेंदुए को सुरक्षित जंगल में मूव कराया जाएगा। पीड़ित ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है एल। पीड़ित बजरंग नागरची ने कहा कि करीब डेढ़ से दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## लूटपाट करने पहुंचे चार अपराधी अंजाम देने से पहले चढ़े पुलिस के हत्थे



सुंदरम कुमार

गुमला। पटेल चौक के नजदीक पॉश इलाके में लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे अपराधी को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक वाहन को लूटने के फिराक में थे। इसकी भनक लगते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी में मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह और शुभम कुमार शामिल हैं। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के रहने वाले है। आरोपी के पास से तीन देशी कट्टा, .303 की चार गोली, .315 की तीन गोली और 12 बोर की दो गोली पुलिस ने जब्त3 किया है।

गुमला एसपी ने बताया की बीते रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो सभी भागने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सभी को दौड़कर पकड़ा।

तलाशी के क्रम में उनके पास से तीन देशी कट्टा, 9 गोली मिले। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार चार आरोपी में से तीन का आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों पूर्व में आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी एवं अन्य अपराधों में जेल जा चुका हैं।

## अंगारों पर चल और कांटों पर लेट भोक्ताओं ने मां पाउड़ी से मांगी मन्नतें



संवाददाता

**चक्रधरपुर।** कालिका घट दर्शन के साथ प्रसिद्ध केरा व पाउड़ी मेला रविवार को संपन्न हुआ। कालिका घट में व्रतधारी श्रद्धालुओं के आग पर नंगे पांव चलने व कांटों पर लेटने के हैरत अंगेज नजारा देख लोग मूकदर्शक बने रहे। मां पाउड़ी व केरा माता की पूजा अर्चना का विगत 10 अप्रैल से चला आ रहा सिलसिला रविवार को समाप्त हुआ।

अंतिम दिन चक्रधरपुर के संजय नदी तट पर स्थित पाउड़ी स्थान में मां के दर्शन को श्रद्धालुओं व दर्शकों की भारी भीड़ जुटी। पाउड़ी मेला का मुख्य आकर्षण कालिका घट दर्शन होने के कारण दर्शकों का सैलाब भक्तों के अभूतपूर्व भक्ति प्रदर्शन देखने उमड़ा। पाउड़ी स्थान में विधि विधान के मुताबिक पूजा अर्चना, बलि पूजा आदि कार्यक्रमों के उपरांत मां पाउड़ी मंदिर के समीप कालिका घट दर्शन का आयोजन दोपहर 3 बजे से हुआ।

एक-के बाद एक श्रद्धालु कांटों की सेज पर लेटते गए। लोग भौंचक होकर देखते रहे। इसके बाद व्रतधारी नंगे पांव अंगारों पर चले। व्रतियों ने अपने नन्हें बच्चों को भी अंगारों पर चलवाया। कांटों पर लिटाकर मंगल कामना की। व्रतियों में बच्चे से लेकर महिला-पुरूष में हर आयुवर्ग के लोग शामिल रहे।

मान्यता अनुसार ऐसा करने पर माता की कृपा भक्तों पर समग्र रूप से होती है। यही वजह है कि दोनों इवेन्ट में श्रद्धालुओं ने अपने अबोध शिशुओं को भी इसमें शामिल किया। भूखे प्यासे होने और तेज धूप के कारण कई व्रतधारी महिला, पुरुष व बच्चे मूर्च्छित हो गए।

चार दिन तक होने वाले पूजा अर्चना के कार्यक्रम के साथ मेला का आयोजन भी हुआ। मेला में खाने-पीने, साज सज्जा, पकवान, पूजा सामग्री आदि के दुकान व स्टाल लगे। मेले में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जलसेवा, खिचड़ी-प्रसाद, स्वास्थ्य सेवा आदि की व्यवस्था भी रही।

## मोदी की गारंटी देगी विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि : अन्नपूर्णा



संवाददाता

**कोडरमा :** केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 'मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024' केवल संकल्प पत्र नहीं, बल्कि यह मोदी पर भरोसा और नये संकल्पों की सिद्धि का प्रण है। भाजपा ने आज संकल्प पत्र राष्ट्र के समक्ष रखा है और पिछले 10 वर्षों का ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए बिना किसी संदेह के यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी, किसान, युवा एवं अन्य सभी वर्गों के सशक्तिकरण के संकल्प पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास देश के विकास का एक विजन है, उस विजन को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति, संगठन और नेतृत्व है। दूसरी ओर, इंडी गठबंधन के पास इन सभी चीजों का सर्वथा अभाव है। नेतृत्व तय करना तो उनके बस का है ही नहीं, देश के विकास का कोई विजन और उसे क्रियान्वित करने की इच्छाशक्ति का भी घोर अभाव है। सबसे बड़ी बात, जिस गठबंधन क हर दल अलग-अलग घोषणा पत्र जारी कर रहा हो और जिनमें भयंकर विरोधाभास हो, वैसे गठबंधन से समन्वित विकास की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। बीते 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में भारत ने खूबसूरती के साथ विविधता में एकता के मंत्र को आत्मसात करके सांस्कृतिक एकता से भारत की एकात्मकता का रास्ता तय किया है। अब भाजपा ने देशवासियों के संतुष्टिकरण का रास्ता चुनते हुए, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी 3.0 में 'विकसित राष्ट्र' के संकल्प की पूर्ति के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। भाजपा ने मोदी 3.0 में 3 करोड़ पक्के मकान बनाने का संकल्प लिया है, भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर 2025 जनजातीय गौरव वर्ष होगा, गरीबों के साथ साथ मध्यम वर्ग को भी पक्के मकान की गारंटी होगी, भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा, 18 सेक्टर्स में हम दुनिया में टॉप 5 पर होंगे, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा और इस प्रक्रिया में निवेश से रोजगार का सृजन होगा, 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। मोदी सरकार ने एक दशक में देश के गरीबों, किसानों व वंचितों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया है। एक तरफ जहाँ अन्न योजना, आयुष्मान योजना, स्वनिधि व पीएम मानधन से देश के करोड़ों गरीब लाभान्वित हुए, वहीं किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद-बीज के दामों में कमी व फसल मूल्य में वृद्धि के कार्यों से देश के किसान भी सशक्त हुए। मोदी 3.0 में देश के गरीब, किसान, महिला, युवा व बुजुर्गों के सशक्तीकरण के प्रयासों को और अधिक गति देने के संकल्प के साथ प्रस्तुत भाजपा का यह संकल्प पत्र, सभी आयु, वर्ग व समुदाय के चहुँमुखी विकास की 'मोदी की गारंटी' है।

### एस–ड्राइव में दो वारंटी गिरफ्तार

**हरिहरगंज/पलामू :** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने एस ड्राइव अभियान चलाकर कर थाना कांड संख्या 90/23 के प्राथमिक अभियुक्त सेमरबार गांव निवासी दशरथ पासवान और कांड संख्या 126/23 के प्राथमिक अभियुक्त रजवार टोला निवासी नंदू भुइयां को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस को काफी दिनों से उक्त वारंटीयों की तलाश थी। सूचना मिलते ही दोनों वारंटीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने ने बताया कि एस ड्राइव चलाकर वारंटियों को गिरफ्तार करने का काम जारी रहेगा।

# बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करना जरूरी :डीसी



- बोकारो में जगह-जगह याद किए गए संविधान-निर्माता भारत-रत्न डॉ. अंबेडकर

संवाददाता, बोकारो

संविधान-निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को बोकारो में जगह-जगह मनाई गई। विभिन्न संगठनों ने इस अवसर पर बाबा साहेब को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके सिद्धांतों की अहमियत बताई। नगर के सेक्टर-4 स्थित अंबेडकर चौक पर विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं, उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने डा. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इनमें उपायुक्त विजया जाधव, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, सहायक निदेशक (डीपीएलआर) मेनका, अपर समाहर्त्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल रहे।

मौके पर डीसी श्रीमती जाधव ने कहा कि बाबा साहेब के विचार और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। डीडीसी संदीप कुमार ने भी आमजनों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने पर बल दिया। साथ ही, संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, एलआरडीसी प्रभाष दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रहित में भुलाया नहीं जा सकता डा. अंबेडकर का योगदान : अमरदीप

- निःशुल्क विद्यालय में जयंती मनाई गई, निर्धन बच्चों में स्टेशनरी वितरित



**बोकारो ।** संविधान-निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के विचार, उनके आदर्श और उनके बताए रास्ते आज भी प्रासंगिक हैं। समतामूलक समाज और सामाजिक सौहार्द की दिशा में उनके अवदानों को नहीं भुलाया जा सकता है। राष्ट्रहित में उनके योगदान को भारतवासी हमेशा याद रखेगा और हमें ऐसे महान राष्ट्रपुरोधाओं के प्रति कृतज्ञ होना ही चाहिए। उक्त बातें बोकारो के वरिष्ठ समाजसेवी एवं गुड मार्निंग क्लब के अध्यक्ष कुमार अमरदीप ने कही। नगर के सेक्टर-12ए में निर्धन बच्चों के शिक्षार्थ संचालित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत निर्धन बच्चों के बीच पाठ्य व लेखन-सामग्री का वितरण किया गया। इसके पूर्व, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी कुमार अमरदीप, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सरदार बंटी एवं विद्यालय के संस्थापक परशुराम राम ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विशिष्ट अतिथि बंटी सरदार ने कहा कि बाबा साहब हमारे बीच नहीं है, पर उनके विचार आज भी लोगों के साथ हैं, जो जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्थापक परशुराम राम ने भी बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। समारोह का संचालन हरिशंकर प्रसाद सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक रस्तोगी, तेजपाल सिंह, डीके किरपाल, निवारण चंद्र महतो, रवि कुमार दास, सीआर दास, शंकर रजक, ममता सिंह, गुड्डी देवी, बबीता कुमारी, अजय कुमार, चंदेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए लगा रहे अनर्गल आरोप : ढुल्लू महतो



**तालगड़िया (बोकारो) ।** भाजपा सबका साथ, सबका विकास की राह पर चलने वाली पार्टी है। पार्टी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। विरोधी दलों के लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए अपने परिवार की सोचने वाले लोग ही उनपर अनर्गल आरोप लगाते हैं। उक्त बातें भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कही। महतो अमलाबाद मंडल के नवाडीह स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाघमारा क्षेत्र के लोग तीन-तीन बार सेवक के रूप में विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। सडक से सदन तक जनता की आवाज को बुलंद किया। अगर लोकसभा चुनाव में भी जनता सेवक के रूप में काम करने का मौका दिया तो, जो भी समस्याएं होगी, उनका चुनौती के रूप में समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### लगातार दूसरे हफ्ते साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र से बाइक की चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो थर्मल बीओआई के समीप से दूसरे रविवार को भी साप्ताहिक हाट से तांतरी निवासी राजेश राम की बाइक (जेएच09एएफ-6855) की चोरी कर ली गयी। बाइक मालिक राजेश राम का पुत्र आकाश तांतरी से खरीदारी करने आया था। बीओआई के समीप बाइक को खड़ा कर गया और वापसी पर बाइक नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली तो बाइक चोरी की सूचना थाना को दे दी गई।

### रुखसाना भाटी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**गोमिया (बोकारो) ।** गोमिया आईईएल जामा मस्जिद के सरपरस्त हाजी अब्दुल कादिर भाटी की पत्नी स्वर्गीय रुखसाना भाटी की तीसरी पुण्यतिथि रविवार को उनके आवास के परिसर में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके कब्र पर श्रंद्धाजलि के साथ गुलाब के फूलो की चादर चढ़ाई गई। इसके बाद कुरान ख्वानी और मिलाद-उन-नबी शरीफ हुई और गरीबों में कपड़ा व भोजन का वितरण किया गया। स्व. रुक्साना भाटी भी जरुरतमंद गरीबों और महिलाओं के लिए जानी जाती थी। ऐसी शख्सियत को लोग याद कर दो आंसू छलकाने पर मजबूर हो जाते हैं।

### वाहन जांच के दौरान 1.6 लाख रुपए जब्त

**बोकारो ।** बोकारो-झरिया ओपी थाना क्षेत्र के तरंगा चेक नाका पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने चंद्रपुरा की ओर से आ रही एक स्कार्पियो वाहन से एक लाख छह हजार रुपए जब्त किए। तरंगा चेक नाका पर एफएसटी की टीम ने चंद्रपुरा से टी मोड़ होते हुए धनबाद की ओर जा रही स्कार्पियो चार पहिए वाहन को जांच हेतु रोका। जांच के दौरान वाहन में सवार रांची निवासी अरुण कुमार सिंह के पास से एक लाख छह हजार रुपये बरामद किया गया। बरामद रुपये में 500 के 212 नोट बरामद किया। इस दौरान बोकारो झरिया पुलिस अवर निरीक्षक जोगू टुडू, संजय कुमार के अलावे पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

### जरीडीह बाजार में पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**बोकारो ।** जरीडीह बाजार के समीप नवनिर्मित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रविवार को एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें आसपास की सैकड़ों कन्याएं व महिलाएं कलश लेकर शामिल हुए। दामोदर नदी से कलश में जल भरकर वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचीं। 15 अप्रैल को यज्ञ एवं वेदी-पूजन आरंभ होगा। 17 अप्रैल को भंडारा किया जाएगा। इस अनुष्ठान के पुजारी गोवर्धन शास्त्री, शिवकुमार शास्त्री, धनंजय शास्त्री, गोलू शास्त्री के द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया जा रहा है, वहीं यजमान राजकुमार साहु, सुरेश साहु, दिनेश जायसवाल, गुलशन साव हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अनिल अग्रवाल, विनोद चौरसिया, मुकेश सिन्हा, कन्नू यादव, राज वर्मा, करण कुमार, सनी चाहत, छोटू सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## निर्धन मेधावी बच्चों की शैक्षणिक मदद को लेकर प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता

- चिन्मय एलुमिनी संघ की अनोखी पहल, 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

संवाददाता, बोकारो



चिन्मय विद्यालय बोकारो, चिन्मय एलुमिनी एसोसिएशन की ओर से संचालित चिन्मय स्माइल बैक कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे, परंतु मेघावी छात्र- छात्राओं की सहायता के लिए प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में बोकारो जिला के सरकारी, ग़ैर- सरकारी विद्यालयों के सातवीं से दसवीं तक के छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गरीबी रेखा से नीचे रह रहे वंचित वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है। यह दो चरणों में होगा। लिखित परीक्षा में अव्वल आये 80 छात्र-छात्राओ का चयन किया जायगा। तत्पश्चात साक्षात्कार के बाद40 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जायगा। सातवीं के सफल छात्र-छात्राओं को 4000 रुपये की सहायता अध्ययन सामग्री के खरीद का बिल जमा करने पर दी जाएगी एवं 400 रुपये नगद दिया जाएगा। इसी प्रकार आठवीं के लिए 5000 रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 500 रुपये, कक्षा नवमी के लिए 6000 रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 600 रुपये तथा दसवी के लिए 7000 रुपये बिल जमा करने पर एवं 700 रुपये नगद प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। बिल-अध्ययन सामग्री खरीद का हो या फिर कही कोई क्लास जॉइन करने का होना चाहिए।

डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि इससे बच्चों में आगे बढ़ने की ललक बढ़ेगी एवं आर्थिक कमी उनकी शिक्षा में बाधा नही बनेगी। बोकारो इस्पात नगर एवं इसके आस पास के बिभिन्न विद्यालय में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। प्रथम चरण में सफल 80 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के बाद 40 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। परम् पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद महाराज के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 8 मई चिन्मय अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर सभी सफल 40 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने चिन्मय एलुमिनी एसोसिएशन की इस मानवीय पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों की मदद के लिए यह मील का पत्थर सिद्ध होगी। मौके पर उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार, डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत, संजीव मिश्रा, डॉ रोशन शर्मा, ललिता उरांव, पंकज मिश्रा, संजीव सिंह, प्रीति, सृष्टि, रणविजय ओझा, रजनीश, अमित आदि मौजूद रहे।

## कांचहीं बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...



- कहीं घर के आंगन में टब में, तो कहीं जलाशयों में दिए गए अर्घ्य

संवाददाता, बोकारो

चैती छठ का प्रथम अर्घ्य रविवार को श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में दिया गया। शनिवार को खरना पूजा के बाद रविवार शाम अस्ताचल भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किए। घर से लेकर घाट तक श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। कई व्रतियों ने अपने घरों में ही अर्घ्य दिया। कहीं घर के आंगन में गड्ढे खोदकर, कहीं बड़े टब में तो कहीं घर की छत पर टंकी बना पूजा की गई। वहीं, सिटी पार्क, चास गरगा पुल, सूर्य सरोवर, जगन्नाथ मंदिर स्थित सरोवर, टू टैंक गार्डन सहित विभिन्न जलाशयों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान आसपास का पूरा वातावरण शारदा सिन्हा, कल्पना पटवारी सहित अन्य कलाकारों के छठ गीतों से गुंजरित होता रहा। व्रतियों और उनके परिजनों ने भी स्वयं गीत गाते हुए भगवान सूर्य को नमन किया। मंगलवार को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चारदिवसीय इस महाव्रत का समापन हो जाएगा।

### इन कारणों से किया जाता है सूर्य षष्ठी व्रत

जानकार बताते हैं कि सूर्य षष्ठी व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। भगवान भास्कर की मानस बहन षष्ठी देवी हैं। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना गया है। बच्चे के जन्म के छठे दिन षष्ठी मइया की पूजा की जाती है, ताकि बच्चे का ग्रह-गोचर शांत रहे। मान्यता है कि नहाय-खाय से लेकर सप्तमी तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है जो श्रद्धापूर्वक व्रत करती हैं। इस पर्व में बांस निर्मित सूप, टोकरी, मिट्टी के बर्तन, गुड़, चावल, गेहूं से निर्मित प्रसाद तैयार किया जाता है। इस बार लॉकडाउन के कारण श्रद्धालुओं को फल से लेकर अन्य चीजों की खरीदारी में भारी परेशानी हुई।

## फैक्ट्री में लगी आग, डेढ़ करोड़ का नुकसान



**बोकारो।** जिले के बालीडीह स्थित इंडस्ट्रियल एरिया के फेज-3 में स्थित ईश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में रविवार की सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। आग देखते ही देखते पूरे परिसर में फैल गई।

मौके पर मौजूद मजदूरों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। अगलगी की सूचना कंपनी के कर्मियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम के आते-आते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के मालिक संजय राय ने बताया कि संभवतः शॉर्ट सर्किट से फैक्ट्री में आग लगी है। अगलगी की घटना में फैक्ट्री में लगे 33 केवी के तीन ट्रांसफॉर्मर सहित इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस अगलगी में करीब 1.5 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। फिलहाल आकलन के बाद ही सही नुकसान का पता चल पाएगा। हालांकि, इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, जो राहत की बात है।

### सिटी पार्क में लगी आग दमकल ने पाया काबू

**बोकारो ।** नगर के सिटी पार्क में रविवार की दोपहर करीब एक बजे सूखी झाड़ियों में आग लग गई। लहलहाती आग देखकर आसपास के लोगों ने फायरब्रिगेड को इसकी सूचना दी। बोकारो इस्पात सयंत्र का फायर ब्रिगेड वाहन पहुंची और आग को बुझाया। आग की घटना से आस पास के लोगों की भीड़ जुट गई। यदि आग को समय से बुझाया नही जाता तो सिटी पार्क के कई छोटे-बड़े पेड़ जलकर खाक हो जाता। गर्मी के कारण पार्क में पत्ते व झाड़ियां सूखे हुए हैं। कुछ लोगों ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि किसी ने सिगरेट पीने के बाद जली हुई झाड़ियों में फेंक दिया, जिससे आग लगी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## बोकारो थर्मल में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

- पूरे जिले में डीवीसी बीटीपीएस का फायर सिस्टम है अव्वल : परियोजना प्रधान

संवाददाता, बोकारो थर्मल




बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट में रविवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में डीजीएम बीजी होलकर एवं सीआईएसएफ के डीसी राजोले विशाल विलास मौजूद थे। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों के अलावा वरीय प्रबंधक मैकनिकल मनीष कुमार चौधरी, सहायक संरक्षा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, निरीक्षक फायर अनिल कुमार, निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून सहित सीआइएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने श्रद्धांजलि स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजली अर्पित की।

एचओपी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट फायर विंग के कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा पूरे सप्ताह राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय स्कूलों, पावर प्लांट,हॉस्पीटल एवं ऑफिसर्स क्लब में करके आग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाता है, जिससे सभी को आग से बचाव की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल का सीआईएसएफ फायर विभाग पूरे जिला का उन्नत फायर विभाग है, जिसने अपनी कार्यप्रणाली से एक अलग ही पहचान बनायी है। कहा कि सीआईएसएफ की बदौलत ही पावर प्लांट सुरक्षा के साथ बिजली उत्पादन का कार्य करता है। डीसी राजोले विशाल विलास ने कहा कि आग की घटना काफी विनाशकारी होती है जिस पर नियंत्रण जागरुकता लाकर ही किया जा सकता है।

सीआईएसएफ फायर के अवर निरीक्षक विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस और सप्ताह के बारे में कहा कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक बॉम्बे में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा पानी का जहाज आग की लपटों के आगोश में समा गया था और आग पर काबू पाने के लिए बॉम्बे फायर सर्विस के सौ से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए थे। उन्होंने अटूट साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए धधकती ज्वाला पर काबू करने का भरसक प्रयत्न किया और उन्होंने आग पर नियंत्रण तो कर लिया, लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी थी। उन्हीं 66 शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चैधरी ने कहा कि आग से बचाव को लेकर सीआईएसएफ को जो भी संसाधन की जरुरत होगी, उसे पूरा किया जाएगा।

सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट ने डीवीसी के एचओपी, डीजीएम, अधिकारियों, सीआईएसएफ के पदाधिकारियों, जवानों को सुरक्षा को लेकर शपथ दिलायी। इसके पूर्व दो मिनट का मौन धारण कर शहीद जवानों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अवर निरीक्षक विक्रम सिंह ने किया। मौके पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक सुभाष प्रसाद, सूरज तिवारी, अनि चंद्र भान सिंह, सउनि ओपी यादव, सुरेश यादव, एफ फुकन, हेड कांस्टेबल रणवीर कुमार सिंह, आरक्षक पवन सिंह, शंकर कुमार गुप्ता सहित सभी जवान एवं अधिकारी मौजूद थे।

# मतदान की अनिवार्यता और लोकतंत्र की दृढ़ता



प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे


**मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है**

सबको करना चाहिए, निश्चित ही मतदान।
लोकतंत्र मजबूत हो,बढ़े लोक की शान।।

मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में भी मदद करता है। बहुत से लोग यह सोचते हुए वोट नहीं करते कि एक वोट से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन जैसा कि यह तथ्य है। एक राष्ट्र की राजनीतिक नींव का उपयोग चुनावों के लिए किया जाता है। मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है जो एक देश की सरकारी प्रणाली को बनाती है। यह नागरिकों को अपनी सरकार चुनने में सक्षम बनाता है। यह लोगों को सरकार में अपने प्रतिनिधि चुनने की भी अनुमति देता है। प्रत्येक सरकार का उद्देश्य अपने नागरिकों के लाभ के लिए विभिन्न नीतियों का विकास और कार्यान्वयन करना है। यह मुद्दों और स्पष्टीकरण के बारे में सरकार से सवाल करने के अधिकार वाले व्यक्ति को भी सक्षम बनाता है। मतदान एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में एक नागरिक की राय व्यक्त करने का तरीका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए मतदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

बहुत से लोग मतदान करना चाहते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इसकी आवश्यकता और इसे डालने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं होती है। यहीं पर मतदान जागरूकता काम आती है। मतदान जागरूकता का विचार लोगों को मतदान के महत्व को समझने में मदद करना है। मतदाताओं के लिए अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह नागरिकों के लिए मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाकर यह व्यक्त करने का एक तरीका है कि वे अपने नेताओं से क्या चाहते हैं। इससे बेहतर शासन मिलेगा और हर कोई चाहता है - एक ऐसा लोकतंत्र जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो। मतदान से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद मिलती है। मतदान करने के लिए, आपको विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। मतदान के अलावा, कुछ कानून भी हैं जो दुनिया भर में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करते हैं।

मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपनी पसंद के प्रधान मंत्री के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान करके, आप बदलाव ला सकते हैं और अपने समुदाय में बदलाव ला सकते हैं। मतदान करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आप किसी कानून को तभी निरस्त कर सकते हैं जब अधिकांश नागरिक उससे सहमत हों। मतदान अपनी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज सुनकर और उन लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है।



मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है

मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। इसी को नैतिक मतदान करना कहा जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य, ज़िला, तहसील व खंड स्तर पर व्यापक रूप में मतदाता जागरुकता (स्वीप)अभियान के माध्यम से जागरुकता लाई जा रही है। मेरे महाविद्यालय में भी प्राचार्य के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी व इलेक्ट्रल लिटरेसी क्लब के माध्यम से अनेक गतिविधियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने की सतत कोशिशें हो रही हैं। यह यथार्थ है कि मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा, लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा।

लोकतंत्र हमसे कहे,हो नैतिक मतदान।
अंधकार सब दूर हो,जनता का हो मान।।

## संपादकीय

# हाईकोर्ट के बेबाक फैसले से सबसे मुश्किल विपक्ष

अरविंद केजरीवाल मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के बेबाक फैसले ने कई भ्रमों को दूर कर दिया है। यही कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत है। इसलिए कि वह झूठे तथ्यों और डराए गए गवाहों से बलात लिए बयानों पर आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को जमींदोज के इरादे से रची गई साजिश के तहत है। यह आम चुनाव में भागीदारी के समान अवसर के अधिकार से वंचित करना है। इनके पीछे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार है, जिसके इशारे पर ईडी काम कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 25 मिनट तक पढ़े गए अपने फैसले में केजरीवाल की याचिका के सभी मुद्दों को बिंदुवार स्पष्ट किया है। फैसले के मुताबिक उनकी गिरफ्तारी नियमतः और साक्ष्य-आधारित है। रिमांड जायज है। ईडी के आठ-आठ समनों के बाद भी पूछताछ में न आना और पर्याप्त सबूत भी हों तो गिरफ्तारी लाजिमी है। इसमें हैसियत के हिसाब से फेरबदल नहीं किया जा सकता। दिल्ली के मुख्यमंत्री कीआबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के करोड़ों रुपये के मामले में प्रमाणित संलिप्तता रही है। वे इससे व्यक्तिगत रूप से और बतौर आप संयोजक जुड़े रहे हैं। इसकी पुष्टि ईडी के समक्ष नहीं, बल्कि अदालत में धारा 164 के तहत गवाहों के बयानात से भी होती है। हालांकि आप नेता इन्हें ईडी का गढ़ा मान रहे हैं। उनका यह रवैया जनता को तथ्यों से गुमराह करने वाला है, चुनावी मौसम में वह चाहे जितना सही हो।



यह अदालत की मान्यता के भी विरुद्ध है। हालांकि उच्च न्यायालय ने इन गवाहों से आगे मुकदमे की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के बहस के हक को नकारा नहीं है। न्यायालय का यह स्पष्टीकरण महत्त्वपूर्ण है कि यह मामला केंद्र नहीं बल्कि ईडी बनाम अरविंद केजरीवाल का है। यह कोई राजनीतिक नहीं, सीधे-सीधे भ्रष्टाचार का मामला है। इसके आरोपित को जांच के तरीके तय करने या इसमें कोई सुविधा मांगने का हक नहीं है। उसे एक आम नागरिक की तरह ही लड़ाई लड ?ी होगी। इस फैसले ने मुख्यमंत्री को पैदल कर दिया है। उन्हें सहानुभूति पाने के लिए नया तर्क गढ ?ा होगा। केजरीवाल की सबसे बड़ी चुनौती न्यायालय के इस आकलन को गलत ठहराने की होगी, जो ईडी से सहमत है कि आप एक पार्टी नहीं, बल्कि कंपनी की तरह है और वे खुद निदेशक की तरह काम करते हैं। उनके लिए फैसले का यह सबसे मुश्किल विपक्ष है। केजरीवाल अब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हैं, जहां इन टिप्पणियों पर भी गौर किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

# वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित प्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।

क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वलों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई, पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ।

राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं।


समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है। अध्यात्म की भूमिका इससे भिन्न है। इसमें अपराधी व्यक्ति स्वयं अपराध-शोधन के लिए प्रायश्चित स्वीकार करता है। अपराधी को बलात दंडित करने या उसके प्रति प्रोध प्रदर्शित करने की बात क्षमा-धर्म द्वारा संभव नहीं है। साधना के पथ पर अग्रसर साधकों के लिए क्षमा के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही नहीं हैं। क्षमा का प्रभाव अप्रतिहत होता है, पर क्षमा-धर्म की साधना है बहुत कठिन।

# आजाद के बाद गुमनाम हुए आजाद



संजय गोस्वामी

आजादी दिलाने में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी हैं उन्हें नमन करना जरुरी है क्योंकि वह खुद के लिए नहीं भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी है , भारत को आजादी दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की ऐसी घटना सामने आती है जो गुमनाम हो गए जो देश के आदर्शो पर अपने प्राण कम उम्र में खुद ही लेकर शहीद हो गए । लेकिन जानकारी के अभाव में अक्सर लोग भूल जाते हैं लेकिन देशभक्त जो शहीद हो जाते हैं वो भी खुद गोली अपने सर में चलाकर इतना बड़ा देशप्रेम में कई चेहरे हैं जो पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया ना ही उसपर किसी राजनेता का ध्यान गया अब गुमनाम-सा हो रहें हैं क्योंकि कोई भी राजनीति पार्टी को देश के शहीदों को भी अपने हिसाब से याद करते हैं ऐ पुरानी राजनीती परंपरा को बदलने की आवश्यकता है आज से करीब 93साल पहले 27 फरवरी 1931 को, प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से लड़ते हुए वह शहीद हो गए थे। आज भी लोग आजाद का नाम बहुत सम्मान से लिया करते हैं।चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा गाँव में हुआ था। उनका पूरा नाम चंद्रशेखर तिवारी था। देश के लिए उनके बलिदान को देखते हुए उनके गाँव का नाम आजादपुरा रख दिया गया है। 1922 में आजाद की मुलाकात राम प्रसाद बिस्मिल से हुई जिसके बाद उनका जीवन ही बदल गया और उन्होंने देश को अंग्रजों से आजाद करवाने की कसम खाई। उनके नाम से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपा करती थी।ब्रिटिश सरकार ने एक बार उन्हें बचपन में 15 कोड़ों की सजा दी थी, तब आजाद ने कसम खाई थी कि वह दोबारा पुलिस के हाथ कभी नहीं आएंगे। वह अक्सर गुनगुनाया करते थे।।दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे।।।आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे। काकोरी कांड में भी जब सभी क्रांतिकारी पकड़े गए थे, तब भी चंद्रशेखर आजाद को कोई नहीं पकड़ सका था। चंद्रशेखर आजाद ने कसम खाई थी कि चाहें कुछ भी हो जाए लेकिन वह जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे। इसलिए जब 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों ने इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में उन्हें चारों तरफ से घेर लिया था तो उन्होंने अकेले ही ब्रिटिश सैनिकों से मुकाबला किया। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने खुद पर ही गोली चला दी, जिससे वह जिंदा न पकड़े जाएँ। आजाद को डर था कि अगर वह जिंदा पकड़े गए तो अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से मिटाने का उनका सपना अधूरा रह जाएगा। दरअसल आजाद अल्फ्रेड पार्क में भगत सिंह को जेल से निकालने समेत कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने साथियों के साथ बैठक कर रहे थे लेकिन तभी उन्हें खबर लगी कि अंग्रेजों ने पार्क को चारों तरफ से घेर लिया है। आजाद ने अंग्रेजों से अकेले ही मुकाबला करते हुए अपने साथियों को पार्क से बाहर निकाल दिया, जिससे भारत की आजादी के लिए बनाई उनकी योजनाओं पर कोई प्रभाव न पड़े। जब उनकी रिवाल्वर में आखिरी गोली बची तो उन्होंने अंग्रेजों के हाथ आने की वजाय खुद के जीवन को खत्म करना चुना और उस आखिरी गोली से अपना जीवन खत्म कर दिया। आज ऐ आलम है कि कुछ गिने चुने कॉलेज और कुछ ही फोटो गूगल में मिलती है जो चिंता का विषय है एक बार प्रयागराज में किसी सामाजिक संस्थान ने चंद्रशेखर आजाद की याद में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ वहाँ लाचारी से मुझे भी जाने का अवसर मिला जहाँ बड़े बड़े कॉलेज के प्रोफेसर थे मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि मेरे पेपर स्वीकार किए जायेंगे वहाँ ऐ मालूम हुआ कि उनके बारे में जानकारी सोशल मीडिया में बहुत ही कम थी और लगभग सभी को बुलाया गया वहाँ के प्रोफेसर ने बताया की उनके बहुत सारे दस्तावेज जो उनके शहीद होने पर थी वो गायब हो गई या हटा दिया गया मैं तो किसी जमाने में देश की आजादी पर बनी एक फिल्म में उनके साहस और दे देशभक्ति का जज्बा देखकर लिखा और अच्छी लगी लेकिन बहुत सारी सोशल मिडिया ने मौन ब्रत धारण कर लिया और कुछ पाठ्यक्रम में जानकारी का अभाव होना शर्मिंदा की बात है स्व चंद्रशेखर आजाद का प्रयाग राज में एक विश्वविद्यालय है और मप्र में एक संग्रहालय है उसके अलावा कहीं कहीं गली का नाम होगा, आनेवाले समय में ऐसे सच्चे देश भक्त अवश्य याद करना चाहिए एक ऐसे देशभक्त जो देश को आजाद कराने के लिए ना तो डरा ना ही झुका को उनकी शहादत पर शत शत नमन, भारत माँ का वीर सपूत कभी मरता नहीं है देश ही उसके लिए सर्वोपरि है इस पर ध्यान देना जरुरी है।



# वैश्विकी : पूर्व से पश्चिम तक संकट में एशिया



डॉ. दिलीप चौबे



जापान के प्रधानमंत्री किशिदा की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान एशिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो को प्रकारांतर से खुला न्यौता दिया गया। किशिदा ने अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए अमेरिका के विश्व स्तर पर कायम वर्चस्व को बनाए रखने की वकालत की।

उन्होंने अमेरिका की हिमायत में वे सभी बातें कहीं जो वहां के नेताओं और सांसदों के लिए कर्णप्रिय थीं। किशिदा ने अमेरिका के नेतृत्व और नीतियों की इतनी पुरजोर तारीफ की कि पता लगाना मुश्किल हो गया कि अमेरिका ही वह देश था जिसने नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए थे। इस हमले के लिए अमेरिका ने कभी जापान से माफी नहीं मांगी। किशिदा जैसे जापानी नेताओं ने मानो यह स्वीकार कर लिया कि परमाणु हमले के लिए हम खुद जिम्मेदार थे।

किशिदा का संबोधन भारत और एशिया के अन्य देशों के लिए समस्या पैदा कर सकता है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने चीन के साथ ही रूस पर भी निशाना साधा। उन्होंने दक्षिण चीन सागर और पूर्व एशिया में चीन की आक्रामक गतिविधियों का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र नया यूक्रेन बन सकता है। जाहिर है कि वह अमेरिका के नेताओं से गुहार लगा रहे थे कि वे यूक्रेन युद्ध पर ध्यान देते समय इंडो पेसेफिक देशों को नजरअंदाज न करें। किशिदा ने कहा कि उनका देश रूसी आक्रमण के खिलाफ संघषर्रत यूक्रेन के साथ खड़ा है। किशिदा ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की इंडो पेसिफिक में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उनके भाषण का यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वह एक ह्यएशियाई नाटोह्न के पक्ष में है।

गौर करने वाली बात होगी कि पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे वर्षो पहले क्वाड के जरिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया को एक मंच पर लाए थे। क्वाड का कोई सैनिक मंसूबा नहीं था, लेकिन किशिदा जिस एशियाई सुरक्षा ढांचे की बात कर रहे हैं, वह अमेरिका के वर्चस्व वाला सैनिक गठबंधन जैसा है। जाहिर है कि भारत किशिदा के इन विचारों और नीतियों से सहमत नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए गए साक्षात्कार में चीन के साथ संबंधों को पटरी पर लाने के लिए एक पहल की है। मोदी ने कहा है कि सीमा पर लंबे समय से चल रहा तनाव दोनों देशों में से किसी के हित में नहीं है। उनकी यह सोच किशिदा से एकदम अलग है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी के बीच किशिदा की यह यात्रा बाइडन को राजनीतिक रूप से फायदा पहुंचा सकती है। किशिदा ने कहा कि अमेरिका के नेताओं को अपनी ग्लोबल भूमिका को लेकर कोई संदेह और दुविधा नहीं होनी चाहिए। अमेरिका ने अपने बलबूते दुनिया में स्थायित्व कायम रखा है। उसे अपनी यह भूमिका जारी रखनी चाहिए तथा इस क्रम में जापान पूरी तरह उसके साथ है। जापान को दूसरे विश्व युद्ध के बाद निशस्त्र कर दिया गया था।

तकनीकी रूप से जापान आज भी सेना नहीं रख सकता लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देशों की सैन्य मुहिम को बिना शर्त समर्थन देने का ही नतीजा है कि जापान आज एक सैन्य ताकत बनने की राह पर है। जिस देश से शांति के पैगाम की उम्मीद थी, वह युद्ध का नगाड़ा बजा रहा है। वह भी ऐसे समय जब गाजा में इस्त्रइल का नरसंहार जारी है तथा फारस की खाड़ी के बीच संभावित संघर्ष जापान के लिए मारक सिद्ध हो सकता है। यह संघर्ष यदि व्यापक रूप लेता है तो दुनिया का कच्चे तेल का आधा कारोबार ठप हो जाएगा। रूस से ऊर्जा आयात कम करने वाला जापान इस नये संकट का सामना कैसे करेगा।

वास्तव में भारत के लिए भी पश्चिम एशिया का संकट नई आर्थिक चुनौती पेश कर सकता है। गनीमत यह है कि रूस एक विश्वसनीय ऊर्जा प्रदाता देश है जो आड़े समय में भारत के काम आएगा। आने वाले दिनों में कच्चे तेल का अंतरराष्ट्रीय मूल्य कितना ऊपर जाता है, यह विश्व अर्थव्यवस्था की बहाली के लिए निर्णायक होगा। रूस के खिलाफ यदि प्रतिबंध जारी रहा और पश्चिमी एशिया से तेल आपूर्ति बाधित हुई तो जापान और यूरोप के देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट सकती है।

# रिकॉर्ड बनाते पेट्स इनके जैसा कोई नहीं



अगर तुम अपने पेट को कलाबाजियां सिखाते हो तो कुछ ही दिनों में वो उसमें ट्रेंड हो जाते हैं। फिर तुम्हारे एक इशारे पर बॉल लाते हैं, बैठते हैं, खाना खाते हैं और हर बात मानते हैं। पर दुनिया में कई ऐसे पेट्स भी हैं, जिन्होंने अपने मालिकों से ऐसे कारनामे सीखकर कर दिखाए, जिनसे उन्हें और उनके मालिकों को गिनीज बुक में जगह मिली। ऐसे ही पेट्स से मिलते हैं ...

## स्केटबोर्ड पर सबसे तेज 'टिलमैन'

अमेरिका में रहने वाले बुलडॉग टिलमैन ने स्केटबोर्ड पर सबसे तेज 100 मीटर का स्ट्रेच करने का रिकॉर्ड बनाया है। उसने यह रिकॉर्ड 30 जुलाई 2009 को 19.67 सेकेंड में बनाया। इस दौरान टिलमैन ने स्केटबोर्ड पर अपना बैलेंस बनाए रखा। उसने यह काम बाकी कुत्तों की तुलना में सबसे बेहतर किया और यही कारण है कि उसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में स्थान मिला।

## कितनी ऊंची आवाज में म्याऊं

पालतू बिल्लियों में सबसे अधिक तेज आवाज में म्याऊं बोलने वाली बिल्ली का रिकॉर्ड स्मोकी के नाम है। स्मोकी की आवाज की क्षमता 67.7 डेसिबल थी। स्मोकी को ब्रिटेन में रहने वाली लुसिंडा रूथ एडम्स ने पाला है। स्मोकी ने यह कारनामा 25 मार्च 2011 को करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। स्मोकी का यह रिकॉर्ड दर्ज हुआ स्प्रिंग हिल फार्म, पिट्सफोड, ब्रिटेन में। आवाज को 1 मीटर दूरी से मापा गया था।



## कितना छोटा घोड़ा

दुनिया का सबसे छोटा घोड़ा है थंबलीना। थंबलीना सिर्फ 44.5 से.मी. लंबा है और इसे अमेरिका में रहने वाले के एंड पॉल गोयसलिंग ने पाला है। थंबलीना, अमेरिका में रहता है।

डॉग्स सबसे तेजी से सीखते हैं। इसका उदाहरण है सिंडरेला नामक डॉग। इसने 172.7 से.मी. छलांग लगाने का रिकॉर्ड बनाया है। यह रिकॉर्ड उसने 7 अक्टूबर 2006 को बनाया। इसे केट लांग ने पाला है, जो अमेरिकी हैं। यह रिकॉर्ड भी अमेरिका में आयोजित एक प्रतियोगिता के दौरान ही बनाया गया।



## सबसे बड़ी जीभ का मालिक है 'पगी'

अब तक सबसे बड़ी जीभ मापी गई है 11.43 से.मी.। यह पगी नामक मेल पेकिनगीज डॉग की है। पगी को बेकी स्टेनफोर्ड नामक व्यक्ति ने पाला है। पगी अमेरिका में रहता है। पगी को यह खिताब 8 मई 2009 को दिया गया। पगी की जीभ को टेक्सास स्थित एवोनडेल हेसलेट एनिमल क्लीनिक में मापा गया। उस समय पगी की उम्र केवल 9 साल थी।



## 'मिरेकल' को रख लो जेब में..

दुनिया का सबसे छोटा डॉग है मिरेकल मिली। यह चिहुआहुआ प्रजाति की फीमेल डॉग है। सिर से पूंछ तक इसकी लंबाई कुछ 9.65 से.मी. है। मिरेकल को 21 फरवरी 2013 को सबसे छोटे डॉग के खिताब से गिनीज बुक ने नवाजा। मिरेकल, प्यूटरे रिको में रहती है। यह इतनी छोटी है कि शायद तुम्हारी जेब में भी आ जाएगी। इसका वजन सिर्फ आधा किलो है।



## इसके तो फर ही फर हैं!

सबसे ज्यादा फर वाली बिल्ली है 'कोलोनल मियाऊं'। इसके फर 22.87 सेंटीमीटर लंबे हैं, जो विश्व में सबसे अधिक लंबे फर हैं। इसकी इसी खूबी के लिए इसका नाम गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्डस में दर्ज किया गया है।



## बैलेंस बनाने में माहिर 'स्वीट पी'



सिर पर पानी का गिलास रख तुम कितनी दूर चल सकते हो? शायद कुछ कदम तो चल ही लोगे। लेकिन क्या सीढ़ी से नीचे उतर सकते हो? ऐसा एक रिकॉर्ड बनाया है स्वीट पी ने। पी, ऑस्ट्रेलियन शेफर्ड है और इसे एलेक्स रोथाकर ने पाला है। पी ने यह रिकॉर्ड 5 जनवरी 2008 को बनाया। इस दौरान पी को पानी का गिलास सिर पर रख कई बैचेंस से नीचे उतरना था। ऑस्ट्रेलियन शेफर्ड ने सिर पर केन बैलेंस कर चलने का यह कारनामा 2 मिनट 55 सेकेंड तक करके रिकॉर्ड बनाया।



# पशु जगत की अनोखी मित्रताएं

मगरमच्छ के मुंह में बहुत से दांत होते हैं जो इसकी सबसे बड़ी ताकत भी हैं। माना जाता है कि मगरमच्छ के जबड़े में भी बहुत ज्यादा ताकत होती है जिसकी पकड़ से छूटना लगभग नामुमकिन होता है। अपने इतने सारे दांतों की सफाई के लिए मगरमच्छ की सहायता एक पक्षी करता है। प्लॉवर बर्ड नामक एक पक्षी मगरमच्छ के दांतों को अच्छे से साफ करता है। बदले में मुफ्त में उसका पेट भर जाता है यानी एक-दूसरे की मदद करके दोनों का ही फायदा होता है। मगरमच्छ को भी प्लॉवर पक्षी से अपने दांत साफ करवाने में कोई आपत्ति नहीं होती। मगरमच्छ मुंह खोलता है और छोटा-सा यह पक्षी उसके मुंह में बैठ कर उसके दांतों पर लगे मांस तथा नुक्सान पहुंचाने वाले परजीवियों को चुग-चुग कर खा लेता है। इस प्रकार उसका पेट भी भर जाता है और मगरमच्छ के दांत भी साफ हो जाते हैं।

## स्क्रीच आउल तथा ब्लाइंड स्नेक

छोटे आकार वाला यह उल्लू पेड़ों के नीचे घास में ब्लाइंड स्नेक को देखते ही तेजी से उड़ कर ब्लाइंड स्नेक को अपने घौंसले तक ले जाता है। उसका मकसद इसे खाना नहीं होता, बल्कि वह इसे अपनी तरफ से खाने के लिए कीट लाकर देता है। दरअसल, उल्लू का उद्देश्य इस छोटे आकार के सांप को अपने घोंसले में रख कर अपने बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाना होता है। जब उल्लू भोजन की तलाश में घोंसले से दूर होता है तो उस दौरान यह सांप उसके नन्हे बच्चों की हिफाजत करता है क्योंकि इसके डर से कोई जानवर उसके घोंसले में आकर बच्चों पर हमला नहीं करता।



# हुदहुद है इसराइल का राष्ट्रीय पक्षी

हुदहुद इसराइल के राष्ट्रीय पक्षी का नाम है। वर्ष 2008 में 1 लाख 55 हजार लोगों के बीच किए गए सर्वेक्षण के बाद तत्कालीन इसराइली राष्ट्रपति शिमोन पेरेज ने देश की 60वीं सालगिरह पर इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। मान्यता है कि यह पक्षी यहूदियों और मुसलमानों के पैगम्बर हजरत सुलेमान के दूत के तौर पर काम किया करता था। वैसे यह पक्षी दुनिया के कई हिस्सों सहित भारत भर में पाया जाता है जिसका अंग्रेजी नाम 'हूपोई' है।

## हुदहुद की कलगी से जुड़ी लोक कथा

यहूदी लोक कथाओं के मुताबिक एक बार हजरत सुलेमान धूप से बेहाल थे। उनके पास से गुजर रहे हुदहुद के एक झुंड ने अपने परों को फैलाकर धूप से उनकी रक्षा की। हजरत सुलेमान ने प्रसन्न होकर वरदान मांगने को कहा तो हुदहुद पक्षियों के राजा ने उन सभी के सिर पर सोने का ताज होने की मन्नत मांग ली। उनकी मांग पूरी हुई और वे इस पर इतराने लगे लेकिन सोने के लालच में शिकारी उनके पीछे पड़ गए, उनकी संख्या बेहद कम हो गई तो सभी हुदहुद हजरत सुलेमान के पास वापस आए। तो हजरत सुलेमान ने ताज हटा कर उनके सिर पर कलगी दे दी जिससे उनकी सुंदरता बरकरार रही और उनकी प्रजाति भी बच गई।



## संक्षिप्त

### मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में लगी आग

**बेतिया।** गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसीएच) के बॉयज हॉस्टल में रविवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। हॉस्टल के तीसरे तल पर स्थित एक कमरे में लगी इस आग का धुआं पूरे बरामदे में फैल गया। आग की भनक लगते ही पूरे परिसर में हड़कंप मच गयी। छात्रों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस घटना से अफरातफरी का माहौल रहा। छात्रों ने बताया कि आग से 80 हजार का लैपटॉप, चार स्मार्ट वॉच, कई जूते, आलमारी में रखी कई महत्वपूर्ण वस्तुएं जलकर खाक हो गयीं। छात्रों का कहना था कि सात दिन बाद परीक्षा है।

### स्कॉर्पियो की ठोकर से पिता की मौत, बच्चे घायल



**पचरुखी (सीवान)।** सीवान-छपरा हाइवे पर नारायणपुर गांव के समीप शनिवार की देर शाम स्कॉर्पियो की ठोकर से बाइक सवार पिता सहित पुत्र व पुत्री घायल हो गये। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गयी, जबकि दोनों बच्चों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बैसाखी गांव निवासी 45 वर्षीय हरि शंकर प्रसाद अपने एक बेटे व बेटी के साथ बाइक से छठ के सामान की खरीदारी के लिए पचरुखी बाजार जा रहे थे। इस बीच सीवान छपरा मुख्य मार्ग पर नारायणपुर गांव के समीप तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने बाइक में ठोकर मार दी, जिससे हरिशंकर प्रसाद व उनकी 17 वर्षीया बेटी अन्नु कुमारी व पुत्र 11 वर्षीय अमन कुमार घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए पचरुखी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### टेहटा में मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन

**जहानाबाद।** जिले की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने टेहटा मेला रोड स्थित एक घर में छापेमारी कर महीनों से चल रहे मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। टेहटा पुलिस, एसटीएफ, डीआइओ एवं एसडीपीओ के नेतृत्व में हुइ छापेमारी के दौरान हथियार बनाने वाले अपराधी को देसी कट्टा एवं कारतूस के साथ पुलिस ने पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी नगर थाना क्षेत्र के राजाबाजार दक्षिणी दौलतपुर का रहने वाला सत्येंद्र विश्वकर्मा बताया जाता है जिससे पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व से हथियार बनाने के कई कांडों में जेल गया हुआ व्यक्ति सत्येंद्र विश्वकर्मा टेहटा बाजार में हथियार बनाने व बेचने का काम कर रहा है।

### गैंडे के आक्रमण में नेचर गाइड की मौत

**रक्सौल।** नेपाल के चितवन राष्ट्रीय निकुंज (वन क्षेत्र) में गैंडा के आक्रमण से घायल एक नेचर गाइड की मौत हो गयी। शनिवार को सुबह राष्ट्रीय वन क्षेत्र के हाथी प्रजनन केन्द्र से पश्चिम क्षेत्र के मध्यवर्ती वन क्षेत्र में पर्यटकों को घुमाने के लिए गये नेचर गाइड सुवास रेग्मी (31) गैंडा के आक्रमण से घायल हो गये।उन्हें इलाज के लिए चितवन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के क्रम में उनकी मौत हो गयी।

# कोई भी ताकत नहीं रोक सकती राम राज्य का आगमन : राजनाथ

### जो खुद चार्जशीटेड, वह प्रधानमंत्री को जेल में भेजने की कर रहे बात

प्रभात खबर टोली, जमुई/बांका।

बिहार में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जमुई व बांका में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में राम राज्य के आगाज को अब दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। रामराज्य उसे कहते हैं, जिसमें हर व्यक्ति को दायित्व बोध और कर्तव्य बोध हो। हम उस राम राज्य का बोध कर रहे हैं, जिसमें भारत के सभी नागरिक के अंदर यह भाव पैदा हो कि हमें भारत माता का मस्तक सारी दुनिया में ऊंचा करना है। जिस दिन हर इंसान के अंदर यह भाव पैदा हो जाएगा, भारत में उसी दिन राम राज्य का आगमन हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि हमने लोगों की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं की, बल्कि हमने लोगों की आंखों में आंखें डालकर राजनीति की। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ लोग भाजपा पर हमेशा से मुस्लिम विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। मैं सभी मुस्लिम, ईसाई, यहूदी, पारसी सहित भारत के सभी लोगों को यह बताना चाहता हूं कि चाहे किसी भी धर्म और पंथ को मानने वाली माता और बहन हो, उसे भाजपा और एनडीए के सभी लोग अपनी बहन, माता और बेटी ही मानते हैं। उन्होंने कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं पर एक जुल्म के समान था और भाजपा के लोग इसे कभी स्वीकार नहीं कर सकते और यही कारण था कि हमने तीन तलाक को तुरंत समाप्त कर दिया।

**रक्षा मंत्री ने लालू परिवार पर साधा निशाना** : राजनाथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा दिये जा रहे बयानों पर आश्चर्य होता है। यह लोग क्या-क्या बोल रहे हैं। राजद के लोग यह कह रहे हैं कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो वह नरेंद्र मोदी को जेल में डाल देंगे। इस देश की जनता अपने प्रधानमंत्री को जेल में डालने की बात करने वालों को जवाब देगी। जो लोग खुद चार्जशीटेड हों और अलग-अलग मामले में बेल लेकर घूम रहे हों, वह प्रधानमंत्री को जेल भेजने की बात कहते हैं। रक्षा मंत्री ने तेजस्वी यादव को लेकर कहा कि अगर वो नवरात्रि में मछली खाकर लोगों को क्या संदेश देना चाहते हैं। कुछ खास लोगों को खुश करने के लिए तेजस्वी यादव ने यह स्टंट किया है।




### नरेंद्र मोदी का तीसरी बार पीएम बनना जरूरी : चिराग पासवान

निवर्तमान सांसद चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बहुत जरूरी है। पीएम मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है। आज से पहले कोई नहीं जानता था कि भारत की अर्थव्यवस्था कितने नंबर पर है, लेकिन पिछले 10 सालों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांच बड़े अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गयी है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार का यह लक्ष्य है कि अगले 5 सालों में इस देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

# 'इंडिया' की सरकार बनी, तो बेरोजगारी से आजादी : तेजस्वी



बांका/ फुल्लीडुमर।

प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने रविवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बांका संसदीय क्षेत्र के फुल्लीडुमर डोमो कुमार खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर भाजपा पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि 22 साल के अग्निवीर युवाओं को रिटायरमेंट दिया जा रहा है। और 75 साल के प्रधानमंत्री तीसरी बार आपसे मौका मांग रहे हैं। भाजपा द्वारा अबतक जितने भी वादे किये गये हैं। उसमें से कितना पूरा हुआ है। यह सब आप लोग भलीभांति जानते हैं। प्रतिपक्ष नेता ने घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो राजद 1 करोड़ युवाओं को नौकरी देगी। 15 अगस्त तक युवाओं को बेरोजगारी से आजादी दिलायी जायेगी। साथ ही आम लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री दिया जायेगा। इसके अलावा 500 रुपये में गैस सिलिंडर, अग्निवीर योजना को समाप्त कर युवाओं को पहले की तरह नौकरी दी जायेगी। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देते सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर बहाली करायी जायेगी। गरीब महिलाओं, बेटियों, बहनों को प्रत्येक साल 1 लाख रुपये दिया जायेगा। बिहार में 5 एयरपोर्ट का निर्माण कराया जायेगा। ताकि बिहार को व्यापक पैमाने पर विकसित किया जा सके। प्रतिपक्ष नेता ने कहा कि आपने देखा कि 17 महीने में 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। हम विकास और मुद्दों की बात करने वाले लोग हैं।

### चारा खाने वाले लोग मछली और मटन खाने लगे : सम्राट

**जमुई।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश को एक ऐसे प्रधानमंत्री की आदत हो गयी थी, जिसका स्विच जब तक कोई श्रीमती गांधी नहीं दबाती थी, तब तक प्रधानमंत्री बोलते नहीं थे, लेकिन आज देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जिसके नेतृत्व में भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। डिप्टी सीएम ने लालू परिवार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज नवरात्रि चल रहा है तो उनका बेटा हेलीकॉप्टर में बैठकर मछली खा रहा है। लालू यादव का परिवार ना तो मछली और ना ही मटन खाने वाला है, ये लोग तो चारा खाने वाले लोग हैं। पर यह मछली और मटन पर कैसे आ गई यह जानकर मुझे हैरानी हो रही है।

### वीआइपी में मची भगदड़, कई नेता जदयू में शामिल

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) प्रमुख मुकेश सहनी के महागठबंधन के साथ जाने के फैसले से उनकी पार्टी में भगदड़ मच गई है। मुकेश सहनी के फैसले से नाराज वीआइपी के अनेक वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ निषाद समाज से आने वाले कांग्रेस सहित राजद के कई नेताओं ने भी रविवार को एक साथ जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। साथ ही जदयू की सदस्यता ग्रहण की। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में वीआइपी के प्रदेश महासचिव अमरेंद्र सिंह मुन्ना, पार्टी के कटिहार जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी निषाद, भागलपुर जिला सचिव शिव सिंह निषाद, युवा वीआइपी के प्रदेश महासचिव शैलेंद्र सिंह निषाद, मछुआरा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुंदर सहनी सहित निषाद समाज के 50 से अधिक नेता-कार्यकर्ता शामिल हैं।

## पीएम मोदी के दौरे से पूर्व एसपीजी ने संभाला मोर्चा

प्रतिनिधि, पूर्णिया।

16 अप्रैल को पूर्णिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होनेवाली रैली से 48 घंटे पूर्व एसपीजी ने सुरक्षा संभाल लिया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को स्थानीय रंगभूमि मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम की सुरक्षा को लेकर जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रखी जा रही है। रविवार को एसपीजी के सुरक्षा अधिकारी एवं स्वान दस्ता ने मंच स्थल एवं हेलीपैड की बारीकी से जांच की। इसके अलावा बिहार पुलिस और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी



अपनी टीम के साथ सभा स्थल पर तैनात हो चुके हैं। पीएम के आगमन से पूर्व मंगलवार की सुबह पुनः सुरक्षा-व्यवस्था की अंतिम समीक्षा की जायेगी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर इंदिरा गांधी स्टेडियम में तीन हेलीपेड बनाये गये हैं, जबकि मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के पूर्णिया आगमन के लिए एनसीसी ग्राउंड में एक हेलीपेड का निर्माण किया गया है। इन दोनों जगहों पर 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इधर रविवार को वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर से सुरक्षा कर्मी दिनभर सभा स्थल का जायजा लेते रहे। पीएम के आगमन से एक दिन पूर्व चूनापुर सैन्य हवाई अड्डे से रंगभूमि मैदान तक मॉक ड्रील किया जायेगा। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रधानमंत्री के मानक के अनुसार जमीन और आकाश पर सुरक्षा कर्मियों की पैनी नजर रहेगी।

### फेस क्रीम की डिमांड करने पर पति ने की पिटाई

**सीतामढ़ी।** डुमरा थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव की एक महिला को पति से फेस क्रीम का डिमांड करना महंगा पड़ गया। डिमांड सुन कर आक्रोश में आकर पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पति ने पहले पत्नी को महंगा फेस क्रीम के लिए कोसा। बाद में उसके चरित्र पर ही सवाल खड़ा करने लगा। घटना से आहत महिला ने डुमरा थाने में पति समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## पेज एक का शेष

### ट्रक से टकराई कार...

बताया जा रहा है कि इस हादसे के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां भी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची थीं। सीकर के फतेहपुर के शेखावटी में यह हादसा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि कार में आग लगने के बाद कार में बैठे सभी लोगों को कार से बाहर निकलने तक का समय भी नहीं मिल सका। कार ने ट्रक में पीछे जोरदार टक्कर मारी थी। जिसके बाद कार में आग लग गई। इस भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुल पर इस हादसे के बाद जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत करते हुए जाम को वहां से हटाया। शुरुआती जानकारी के आधार पर मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि यह ट्रक नागौर का है।

कार में आग लगने से पहले जोरदार धमाका हुआ था और फिर चंद ही पलों में कार धूं-धूं कर जलने लगी। इस पुल के नीचे से जयपुर-बीकानेर हाईवे भी निकलता है। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि जिन 7 लोगों की मौत हुई है, उनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। कहा जा रहा है कि कार का नंबर प्लेट उत्तर प्रदेश का था। हालांकि, अभी जानकारी जुटाई जा रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि यह कार काफी तेज गति में थी और ट्रक में पीछे से इस कार ने टक्कर मारी थी। इससे वहां तेज धमाका हुआ और फिर आग लग गई। पुल पर धूं-धूं कर जल रही कार की तस्वीरें भी सामने आई हैं। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग चौंक गए थे। हालांकि, इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस अभी मृतकों के बारे में जानकारी जुटा रही है और हादसे की जांच भी कर रही है।

### देवघर में मुंबई...

परिजनों पर आरोपी को बचाने के लिए पुलिस टीम पर हमला बोल दिया और गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दीं। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जाता है कि मुंबई के सांताक्रूज साइबर शाखा की पुलिस टीम मोबाइल लोकेशन के आधार पर शनिवार रात को करौं पहुंची और स्थानीय पुलिस की सहयोग से लोकेशन के आधार पर जग्गाडीह में छापेमारी कर एक आरोपी को पकड़ा। इसी दौरान अचानक भीड़ ने हमला कर जवान को घायल करते हए दोनों वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और आरोपी को ले भागे। मामले को लेकर करौं थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मधुपुर एसडीपीओ सुमित कुमार लकड़ा, अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार, करौं थाना प्रभारी विकास पासवान आदि मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

एसडीपीओ सुमित कुमार लकड़ा ने कहा कि साइबर अपराधी को पकड़ने महाराष्ट्र की पुलिस पहुंची थी। उसके साथ करौं पुलिस भी आरोपियों के पकड़ने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला कर वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में एक जवान भी घायल हुआ है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### गम्हरिया के मोहनपुर...

भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने इस घटना को झामुमो की साजिश बताते हुए झामुमो के छह कार्यकर्ताओं पर गम्हरिया थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इस दौरान भाजपा नेता गणेश महाली, प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, राकेश सिंह, मनोज तिवारी, स्वप्निल सिंह, निरंजन मिश्रा, सुनीता मिश्रा समेत गम्हरिया एवं आरआईटी मंडल के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अपनी हार देख कर...

**सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार में महिला प्रतिनिधियों पर हमला** : बाबूलाल ने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली जेएमएम की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुए नहीं डर रहे हैं, तो जरा सोचिए कि राज्य में जनता की क्या हालत होगी? उन्होंने कहा कि ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं, बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है जो गीता कोड़ा को अपना नेता मान चुकी है।

**सीएम के गृह क्षेत्र में हुआ हमला** : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरायकेला मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का गृह जिला भी है और इस कृत्य में उनकी भी संलिप्तता का हमें संदेह हैं। दरअसल जबसे गीता कोड़ा जी बीजेपी में शामिल हुई हैं और कांग्रेस और झामुमो की सरकार नाकामियां और भ्रष्टाचार पर मुखर रूप से बोलने लगी हैं, उस दिन से हेमंत सोरेन और उनकी षडयंत्रकारी कोटरी ने पहले सोशल मीडिया पर और अब सामने से हमले शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि, झामुमो के सभी लंपटों और दंगाइयों को बात समझ में आनी चाहिए कि गीता कोड़ा अब भाजपा की सिपाही हैं, उनके ऊपर हुआ हर हमला, लोकतंत्र पर हमला करना होगा और हम उसका माकूल जवाब देंगे।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जारी एक बयान में कहा गया,'' हमारे संविधान के निर्माता और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माताओं में से एक, बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।'उपराष्ट्रपति ने कहा,''भारत के महान सपूत बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय के समर्थक भी थे। उन्होंने कानून के शासन, नागरिक स्वतंत्रता, लैंगिक समानता और हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने वाले संवैधानिक ढांचे के माध्यम से एक समतावादी भारत के निर्माण के लिए सामाजिक परिवर्तन का बीड़ा उठाया।''

बिरला ने आंबेडकर की एक महान राष्ट्र निर्माता के रूप में सराहना की और कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय के लिए एक अद्वितीय संघर्ष का पर्याय था।

### उत्तर पूर्वी दिल्ली से...

बताते चलें कि, बेगूसराय की सीट वामदलों के खाते में जाने के बाद से ही चर्चा थी कि कन्हैया कुमार को दिल्ली की किसी सीट से उतारा जा सकता है। वहीं बात करें उत्तर पूर्वी दिल्ली की तो मनोज तिवारी यहां पहले से भी सांसद हैं। वहीं दिल्ली की सात सीटों में से इस बार केवल इसी सीट पर भाजपा ने उम्मीदवार रिपीट किया है। ऐसे में यह सीट इंडिया गठबंधन के लिए भी अहम है। आपको बता दें कि, कन्हैया कुमार 2019 में बेगूसराय की सीट पर भाकपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें हार नसीब हुई थी। एक दिन पहले ही कांग्रेस ने उम्मीदवारों की 12वीं सूची जारी की थी, जिसमें 16 उम्मीदवारों का एलान किया गया था। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर भाजपा की कंगना रनौत के खिलाफ विक्रमादित्य सिंह को उतारा है। वहीं चंडीगढ़ सीट पर पवन बंसल का टिकट काटकर मनीष तिवारी पर भरोसा जताया गया है। इस लिस्ट में ओडिशा के 9 उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए थे। इसके अलावा गुजरात में पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी कांग्रेस ने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है।

### आरक्षण को कुछ...

आज लोग संविधान की भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस झूठ फैलाने में लगी हुई है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दावा कर रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी के फिर से प्रधानमंत्री बनने पर संविधान बदल दिया जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारियों का आरोप है कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जब तक भाजपा राजनीति में है, हम आरक्षण को कुछ नहीं होने देंगे। ना ही हम कांगेस को इसे खत्म करने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूत किया है और इसे आतंकवाद से बचाया है। शाह ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई धीमी हो गई थी। भाजपा के सत्ता में आने के बाद इस खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज हो गई है। भाजपा की सरकार बनने के बाद 54 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया है, 150 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 250 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। छत्तीसगढ़ में मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, मैं यकीन दिलाता हूं कि हम तीन साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे।

### सरबजीत सिंह के...

वहां पाकिस्तानी सेना ने उन्हें गिरफ्तार करके जेल में बंद कर दिया था।

सरबजीत पर पाकिस्तान ने झूठे मुकदमे लादते हुए आरोप लगाया कि लाहौर और फैसलाबाद में हुए बम धमाकों में सरबजीत सिंह का हाथ था। बम धमाके में कुल 14 लोगों की मौत हुई थी और सरबजीत को मौत की सजा सुना दी गई।

सरबजीत की बहन दलबीर, पत्नी सुखप्रीत के अलावा भारत सरकार ने भी सरबजीत को वापस भारत लाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन ये प्रयास सफल नहीं हो सके। इसी दौरान सरबजीत पर पाकिस्तान के लाहौर स्थित जेल में हमला कर दिया गया, जिसमें उनकी जान चली गई। जेल में सजा काटने के दौरान सरबजीत के सिर पर ईंटों से वार किया गया था। इसके बाद उन्हें लाहौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी।

बताते चलें कि, पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों में भारत के कई दुश्मन आतंकियों की एक-एक कर हत्या होती रही है। 'अज्ञात हमलावरों' ने अब तक कई आतंकियों को ढेर कर दिया है। बीते दिनों एक ब्रिटिश अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर 20 लोगों की हत्या की है। नई दिल्ली ने उन लोगों को निशाना बनाने की नीति लागू की हुई है, जिसे वे भारत का दुश्मन मानते हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, ये मौतें ज्यादातर संयुक्त अरब अमीरात से संचालित होने वाले भारतीय खुफिया स्लीपर-सेल द्वारा की गई थीं। हालांकि, भारत सरकार ने इन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया था।

### पांच राज्यों में नक्सली...

इसके बाद नक्सलियों की ओर से फायर बंद कर दिए जाने की खबर है। नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की ओर से प्रेस नोट जारी कर बंद का फरमान जारी किया है। नक्सलियों ने बीजापुर के गंगालूर मुठभेड़ में अपने साथियों के साथ कई ग्रामीणों की हत्या के आरोप सुरक्षा बलों पर लगाए हैं। इसी के विरोध में पांच राज्यों में बंद का आह्वान किया गया है। नक्सलियों के बंद के एलान को देखते हुए बस्तर संभाग में पुलिस और सुरक्षा बल अलर्ट हो गए हैं। नक्सलियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बीजापुर के छूटवाही कैम्प पर नक्सलियों ने कुछ राउंड बीजीएल (देशी बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से हमला किया जिसका जवानों की ओर से मुंहतोड़ जवाब दिया गया। इसके बाद सुरक्षा बल एलर्ट मोड पर आ गए हैं।

इस बीच छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सात नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें से एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम था। ये गिरफ्तारियां ऐसे वक्त में हुई हैं, जब 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए वोटिंग होनी है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों के पास से एक मजल-लोडिंग बंदूक, आठ किलोग्राम वजनी आईईडी, तीन किलोग्राम काला पाउडर विस्फोटक, तीन किलोग्राम वजनी एक टिफिन बम और दो जिलेटिन की छड़ें बरामद की गई हैं। इन नक्सलियों को किस्तराम क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान पकड़ा गया। नक्सलियों की पहचान कवासी उर्फ वांडो अयाता, माड़वी देवा उर्फ दिनेश माड़वी, बंजाम पोज्जा, कलमू गंगा, कलमु सन्ना, नुप्पो पोज्जा और रावा जोगा के रूप में हुई है।

### अयोध्या के राम मंदिर...

अब तक सुगम दर्शन, विशिष्ट दर्शन व दिन भर में होने वाली रामलला की तीन आरती के पास पर श्रद्धालु दर्शन करते थे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अब इन चार दिनों के लिए ऑफलाइन कोई पास नहीं बनाए जा रहे हैं। पहले से बने पास रद्द कर दिए गए हैं।

रामप्रकाश ने बताया कि अब तक की योजना के अनुसार सुबह पांच बजे मंगला आरती के बाद से मंदिर आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद रात में 12 बजे शयन आरती के साथ ही राममंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। यह व्यवस्था 18 अप्रैल तक लागू रहेगी। बता दें कि श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टीज की बैठक के दौरान भी वीआईपी दर्शन के संबंध में यही अपील की गई थी अब यह सोमवार से प्रभावी मानी जाएगी।

तीर्थ क्षेत्र ने रामलला के दर्शन अवधि में वृद्धि के साथ कोई अतिरिक्त निर्देश रविवार की सायं तक एक्स व फेसबुक समेत किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी नहीं किया है। मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव ने बताया कि अधिकारिक घोषणा तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय की ओर से सोमवार को की जाएगी।

### लॉरेंस बिश्नोई के भाई...

ऐसे में रविवार 14 अप्रैल, 2024 को एक्टर के घर पर फायरिंग का मामला सामने आया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुका है, जिसमें दो बाइक सवार गैलेक्सी अपार्टमेंट के पास देखे गए।

एक्टर के घर की दीवार पर दो जगह गोलियों के निशान भी देखने के लिए मिले हैं। ऐसे में अब बड़ी खबर सामने आ रही है कि इस फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई के भाई ने ली है। उसने इसे आखिरी चेतावनी बताया है। लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है। इसे साझा करने के साथ ही उसने लिखा, 'ॐ जय श्री राम, जय गुरुजी जम्भेश्वर, जय गुरु दयानंद सरस्वती, जय भारत। हम अमन चाहते हैं। जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही है।

सलमान खान हमने ये तुम्हें सिर्फ ट्रेलर दिखाने के लिए किया है, ताकि तुम समझ जाओ हमारी ताकत को और मत परखो। यह पहली और आखिरी वार्निंग है। इसके बाद गोलियां खाली घर पर नहीं चलेंगी।'इसके साथ ही पोस्ट में आगे कहा गया, 'तुमने दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील को भगवान मान रखा है, बाकी ज्यादा बोलने की हमें आदत नहीं है। लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप, गोल्डी बराड़ ग्रुप, काला जठेड़ी ग्रुप।'

आपको बता दें कि, सलमान खान को इससे पहले भी बिश्नोई गैंग से धमकी मिल चुकी है। पिछले साल एक्टर को ईमेल के जरिए बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली थी। धमकी के बाद पुलिस ने इस मामले में गस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की थी। इसके बाद एक्टर की सुरक्षा को भी बढ़ा दिया गया था। वहीं, सलमान ने बुलेट प्रूफ कार भी खरीदी थी। मालूम हो कि, सलमान खान ने 'हम साथ-साथ हैं' की शूटिंग के दौरान काला हिरण का शिकार किया था, जिसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इसी के बाद से बिश्नोई समाज उनसे नाराज है। एक्टर से बिश्नोई गैंग ने कहा था कि अगर वो उनके कुल देवता के मंदिर में आकर माफी मांग लेंगे तो सब खत्म हो जाएगा।

### रामनवमी को लेकर...

- एसएन गांगुली रोड/विष्णु गली / बुधिया गली और राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- चर्च रोड से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- वूल हाउस के पास मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- कर्बला चौक से रतन पीपी कंपाउंड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- पीपी कम्पाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ से वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- राजेन्द्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- पिस्का मोड़ से रातु रोड, न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

**18 अप्रैल की व्यवस्था** : 18 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से रात 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। चैती दुर्गा विसर्जन के दौरान विसर्जन वाले रूट पर जरूरत के अनुसार रूट को डायवर्ट किया जाएगा।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख रहा

**- सरसों दाने का थोक भाव 5,340-5,380 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद**

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजारों में सोयाबीन डीगम कमजोर होने से आयातित खाद्य तेलों की कीमतें प्रभावित होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। इस दौरान सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली जबकि किसानों की अपेक्षा के अनुरूप दाम नहीं मिलने के कारण मंडियों में कम बिक्री करने से सोयाबीन तिलहन तथा बाजार में आवक घटने के बीच बिनौला तेल के दाम तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना हे` कि बंदरगाह सहित अन्य स्थानों पर खाद्य तेलों के कमजोर स्टॉक के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल के थोक दाम पहले के 1,015-1,020 डॉलर प्रति टन से घटकर 975-980 डॉलर प्रति टन रह गये। इस गिरावट का असर बाकी तेल-तिलहनों पर भी आया और पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 95 रुपये की गिरावट के साथ 5,340-5,380 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 350 रुपये घटकर 10,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 45-45 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,720-1,820 रुपये और 1,720-1,835 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 170-170 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,910-4,930 रुपये प्रति क्विंटल और 4,710-4,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके विपरीत सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 300 रुपये, 400 रुपये और 375 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 10,400 रुपये और 10,050 रुपये और 8,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन के दाम 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,105-6,380 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः250 रुपये और 40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 14,750 रुपये क्विंटल और 2,240-2,505 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने ब्याज दर बढ़ाई

**- अब लोन पर देना होगा ज्यादा ब्याज**

**नई दिल्ली ।**

सरकारी क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर को बढ़ा दिया है। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर रखा गया था। इसके बाद भी अब बैंक की ओर से ब्याज दर में बढ़ोतरी की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 12 अप्रैल से अपने मार्जिनल कॉस्ट फंड बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) को 4 टेन्योर में 0.05 फीसदी तक बढ़ाया है। अब ये नई दरें लागू होने के साथ ही ओवरनाइट एमसीएलआर 8.10 फीसदी है, जो पहले 8.05 फीसदी था। अब 3 महीने की एमसीएलआर 8.45 फीसदी होगी। यह पहले 8.40 फीसदी थी। छह महीने की एमसीएलआर 8.65 फीसदी है। वहीं एक साल की एमसीएलआर 8.85 फीसदी होगी। इसी तरह सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक सरकारी बैंक एमसीएलआर में 0.05 से 0.10 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। बैंक ने कहा कि सोमवार से एमसीएलआर दरों में बढ़ोतरी होगी। एमसीएलआर की दर वह होती है, जिससे कम पर बैंक लोन नहीं जारी कर सकता है। बैंकों को अपना एमसीएलआर जारी करना अनिवार्य होता है। एमसीएलआर यह वह न्यूनतम दर होती है जिसके नीचे कोई भी बैंक ग्राहकों को लोन नहीं दे सकता है, यानी कि इस रेट के नीचे बैंक ग्राहकों को लोन नहीं दे सकते। एमसीएलआर बढ़ने से मार्जिनल कॉस्ट से जुड़े लोन महंगे हो जाएंगे।

# सेंसेक्स की प्रमुख सात कंपनियों का मार्केट कैप 59,404 करोड़ बढ़ा



**- प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।** पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपेनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 59,404.85 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसमें सबसे अधिक मुनाफा भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,363.23 करोड़ रुपये बढ़कर 7,75,447.63 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये, आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,153.08 करोड़ रुपये घटकर 5,24,663.73 करोड़ रुपये रह गया।

प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# भारत में मस्क की ईवी कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को पसंद नहीं

**- टेस्ला का भारत की ओर झुकाव बढ़ने से बुरी तरह खिसिया गया है चीन**

**नई दिल्ली ।**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की भारत में इलेक्ट्रिक कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को पसंद नहीं आई है। इसके शुभारंभ से पहले ही उसने बद्दुआएं देनी शुरू कर दी हैं। टेस्ला का भारत की ओर झुकाव बढ़ने से चीन बुरी तरह खिसिया गया है। उसने कहा है भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा। मस्क इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। उनसे मिलने के बाद टेस्ला अपने कारखाने की योजना के बारे में कोई बड़ा ऐलान कर सकती है। दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लंबे समय से सरकार से बातचीत कर रहे हैं। वह भारत में कम ड्यूटी पर कारों का आयात करना चाहते थे। इसके विपरीत सरकार चाहती थी कि वह स्थानीय स्तर पर कारों की मैन्यूफैक्चरिंग करें। सरकार ने पिछले महीने अपनी नई ईवी पॉलिसी की घोषणा की है। इसके बाद टेस्ला के भारत में प्रवेश की बातें चलने लगी हैं। माना जा रहा है मस्क इसके बारे में भारत आने पर घोषणा कर सकते हैं। भारत की नई ईवी पॉलिसी टेस्ला के अनुकूल होने की संभावना है। यह और बात है कि चीन को टेस्ला की भारत में प्रवेश की योजना रास नहीं आई है। चीनी सरकार के एक अखबार में उसने टेस्ला को आमंत्रित करने के भारत के महत्वाकांक्षी कदम पर भविष्यवाणी कर दी है। इस चीनी माउथपीस ने कहा है कि टेस्ला का यह प्लान काम नहीं करेगा। कारण है कि भारतीय बाजार परिपक्व नहीं है। वह इसके लिए बेहद कम तैयार है। भारतीय बाजार के लिए यह बहुत जल्दी है। चीन सरकार के अखबार में कहा गया कि ईवी को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए भारत के सामने एक बड़ी बाधा पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपस्थिति है। भारत के कई क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। इसमें कहा गया है कि भारत में बिजली की कमी हो रही है। अधिक बिजली पैदा करने के लिए कोयला खदानों और बिजली संयंत्रों के विस्तार से जलवायु लक्ष्यों को पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। चीन के खिसियाकर इस तरह की अपमानजनक बातें बोलने का कारण है। दरअसल, चीन के कई दिग्गज ईवी मैन्यूक्चरर्स ने पहले भारत में ईवी मैन्यूफैक्चरिंग में दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन, भारत सरकार ने उन्हें मंजूरी नहीं दी थी। सीमा विवाद के कारण भारत-चीन के संबंध खराब हैं।

# एफपीआई ने अप्रैल में अब तक बाजारों में 13,300 करोड़ निवेश किया

*- इस साल एफपीआई अब तक शेयरों में कुल 24,241 करोड़ निवेश कर चुके हैं*

**नई दिल्ली ।**

बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति तथा आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 13,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) के पास काफी नकदी है। इसके अलावा खुदरा निवेशक तथा उच्च संपदा वाले व्यक्ति यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने 12 अप्रैल तक भारतीय शेयरों में 13,347 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि वृद्धि संबंधी चिंताओं के कारण फिच द्वारा चीन की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने की वजह से भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून सामान्य रहने की उम्मीद तथा मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच वृद्धि तेज रहने की उम्मीद से भी एफपीआई का भारतीय बाजारों को लेकर आकर्षण बढ़ा है।

## डब्ल्यूटीआई कैब्स इस साल अपने बेड़े में 1,000 ईवी जोड़ेगी

**नई दिल्ली ।** बी2बी परिवहन समाधान प्रदाता वाइज ट्रैवल इंडिया लिमिटेड (डब्ल्यूटीआई कैब्स) इस साल अपने बेड़े में 1,000 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जोड़ने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि कंपनी हरित परिवहन अभियान के तहत यह कदम उठाने जा रही है। कंपनी देश के दूसरी श्रेणी के शहरों मसलन चंडीगढ़, जयपुर, कोयंबटूर और इंदौर में विस्तार कर रही है। इसके अलावा कंपनी का इरादा सऊदी अरब और सुदूर-पूर्व के देशों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उपस्थिति दर्ज कराने का है। उन्होंने कहा` कि इस साल हमारा मुख्य लक्ष्य हरित पर है। हम अपने बेड़े में ऐसे वाहनों को शामिल कर रहे हैं जो बिजलीचालित और बायो-सीएनजी हैं। हमारे पास पहले से 300 इलेक्ट्रिक कार हैं। इस साल हम अपने बेड़े में एक हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कार और बस शामिल करने जा रहे हैं। कंपनी डब्ल्यूटीआईकैब्स ब्रांड के तहत परिचालन करती है। इसके बेड़े में तीसरे पक्ष और व्यक्तिगत स्वामित्व वाले वाहन भी हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक इलेक्ट्रिक वाहनों की बात है, तो इनमें से ज्यादातर कंपनी के स्वामित्व वाले होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए करीब 50 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।



## ईरान और इजराइल में जंग छिड़ी तो कच्चा तेल जा सकता है 100 डॉलर के पार!

**मुंबई ।** ईरान ने इजराइल पर ड्रोन हमले किए हैं, वहीं दूसरी ओर इजराइल और अमेरिका के बीच जवाबी कार्रवाई के लिए बातचीत जारी है। जानकारों का कहना है` कि ईरान और इजराइल में जंग की वजह से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। अगर इजराइल भी ईरान पर हमले करता है, साथ ही अमेरिकी सरकार ईरान पर प्रतिबंध लगाता है तो कच्चे तेल के दाम भी तेजी से उछाल आएगा। जानकारों की मानें तो पहले ही कच्चे तेल की सप्लाई और उत्पादन दोनों की समस्या थी। अब मिडिल ईस्ट की टेंशन में ईरान का उतरना और भी ज्यादा क्राइसिस पैदा करेगा। अब दुनिया के उन तमाम देशों को महंगे कच्चे तेल के लिए तैयार रहना होगा जो अपनी जरुरत का 80 फीसदी से ज्यादा आयात पर `निर्भर करते हैं। कच्चा तेल महंगा होने से ऐसे देशों में महंगाई में बढ़ोतरी भी देखने को मिलेगी। ईरान ने इजराइल पर हमले करने शुरू कर दिए हैं। इजराइल भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है। साथ ही अमेरिकी सरकार के साथ बड़ी कार्रवाई करने के लिए बातचीत कर रहा है। ऐसे में अमेरिका ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसी कार्रवाई कर सकता है।

## सरकार ने ई-प्लेटफॉर्म से बॉर्नविटा को हेल्थ ड्रिंक्स श्रेणी से हटाने को कहा

**नई दिल्ली ।** कॉमर्स और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से बॉर्नविटा से हित सभी ड्रिंक्स एंड बेवरेजेस पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक्स की श्रेणी से हटाने के लिए कहा है। मंत्रालय की नोटिफिकेशन में आगे कहा गया है कि सभी ई-कॉमर्स कंपनियों, पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी साइटों/प्लेटफॉर्मों से बोर्नविटा सहित ड्रिंक/बेवरेजेस पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी से हटा दें। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कहा कि एफएसएस एक्ट 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज़ इंडिया के नियमों और रेगुलेशंस के तहत कोई हेल्थ ड्रिंक्स परिभाषित नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय द्वारा 10 अप्रैल को जारी किए गए बयान में कहा गया` कि एनसीपीसीआर बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा (3) के तहत अपनी जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि एफएसएसएएल और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत एफएसएस अधिनियम 2006, नियमों और विनियमों के तहत कोई हेल्थ ड्रिंक परिभाषित नहीं है। इस महीने की शुरुआत में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को उनकी वेबसाइटों पर बेचे जाने वाले प्रोडक्ट्स को सही केटेगरी में रखने का निर्देश दिया था। रिपोर्ट के अनुसार सरकारी निकाय ने इन कंपनियों को डेयरी, अनाज या माल्ट-आधारित पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रंकस या एनर्जी ड्रिंक्स श्रेणियों के तहत नहीं डालने का निर्देश दिया है।

## 15 मिनट में शून्य से 100 फीसदी चार्ज करता रैपिड चार्जिंग

**-भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स बढ़ रही मांग**



**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मांग बढ़ती जा रही है। ईवी सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च किया गया, जो 15 मिनट में पूरी तरह चार्ज होता है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने तेजी से चार्ज होने वाले इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के लिए एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ पार्टनरशिप की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 3,24,999 रुपये की कीमत पर 'ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक'ईवी 6 शहरों में मौजूद एक्सपोनेंट के रैपिड चार्जिंग नेटवर्क पर 15 मिनट में शून्य से 100 फीसदी तक चार्ज करता है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी के फाउंडर चेयरमैन ने कहा कि सड़क पर डाउनटाइम को कम करके और दक्षता को अधिकतम करके क्विक यह सुनिश्चित करता है कि हर यात्रा वाहन पर 2 लाख किलोमीटर या 5 साल, जो भी पहले हो, की वारंटी है. एक्सपोनेंट एनर्जी ने एक बयान में कहा कि वह इस साल दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में 100 चार्जिंग स्टेशन शुरू करेगी, जबकि चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद में अपने नेटवर्क का विस्तार भी करेगी। एक्सपोनेंट एनर्जी के को-फाउंडर और सीईओ ने कहा कि ईवी या आईसीई व्हीकल की तुलना में यूजर द्वारा अपने एक्सपोनेंट-संचालित ईवी से प्राप्त होने वाले उच्चतम संभावित लाभ को अनलॉक करता है। पैसेंजर ईवी में 8.8 किलोवाट का बैटरी पैक है और यह एक बार चार्ज करने पर 126 किलोमीटर तक चलता है। देश में यात्री तिपहिया वाहनों की बिक्री जनवरी में 53,537 इकाई को पार कर गई थी।

# भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**घरेलू शेयर बाजार की नजरें कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी**




**मुंबई ।**

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को रामनवमी पर्व पर बाजार में अवकाश रहेगा। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की नजरें कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिन पर निवेशकों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की नजर रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का मुनाफा बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष में टाटा समूह की कंपनी का मुनाफा नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 45,908 करोड़ रुपये रहा है। वहीं कंपनी की आमदनी 2,25,458 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,40,893 करोड़ रुपये हो गई है। बाजार का परिदृश्य प्रमुख वैश्विक और घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

इस दौरान भारत का थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा आना है। साथ ही चीन का जीडीपी, अमेरिका का विनिर्माण उत्पादन के साथ बेरोजगारी दावों का आंकड़ा आना है। हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर पांच माह के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि खनन क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण फरवरी, 2024 में भारत की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि चार महीने के उच्चतम स्तर 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। निवेशकों की नजर कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर लगी है। इनसे बाजार को दिशा मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था हालांकि मजबूत बनी हुई है लेकिन वैश्विक मोर्चे पर नकारात्मक खबरें यदा-कदा भारतीय शेयर बाजारों की रफ्तार को रोकती रहती हैं।

## देश के कई राज्यों पेट्रोल-डीजल की कीमत में हुआ बदलाव

**- ब्रेंट क्रूड 90.45 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 85.66 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है।` हरियाणा में रे विवार को पेट्रोल की कीमत में 30 पैसे और डीजल में 29 पैसे की तेजी आई है। पंजाब में पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 34 पैसे महंगा हो गया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात में पेट्रोल-डीजल की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। दूसरी ओर राजस्थान में पेट्रोल 39 पैसे और डीजल 34 पैसे सस्ता हो गया है। महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में 10 पैसे से ज्यादा की गिरावट है। केरल, गोवा और ओडिशा में भी पेट्रोल-डीजल के भाव गिरे हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 94.34 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 94.53 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.52 रुपये और डीजल 87.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# एफपीआई ने अप्रैल में अब तक बाजारों में 13,300 करोड़ रुपये का निवेश किया

**इस साल एफपीआई अब तक शेयरों में कुल 24,241 करोड़ निवेश कर चुके हैं**

**नई दिल्ली ।**

बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति तथा आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 13,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) के पास काफी नकदी है। इसके अलावा खुदरा निवेशक तथा उच्च संपदा वाले व्यक्ति यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने 12 अप्रैल तक भारतीय शेयरों में 13,347 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि वृद्धि संबंधी चिंताओं के कारण फिच द्वारा चीन की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने की वजह से भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून सामान्य रहने की उम्मीद तथा मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच वृद्धि तेज रहने की उम्मीद से भी एफपीआई का भारतीय बाजारों को लेकर आकर्षण बढ़ा है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,522 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने की घोषणा के बाद से एफपीआई भारतीय बॉन्ड बाजार में पैसा लगा रहे हैं।

## एलन मस्क अपनी एआई कंपनी में इंजीनियर व डिजाइनर नियुक्त करेगी

**नई दिल्ली ।**

एलन मस्क ने शनिवार को युवा प्रतिभाशाली लोगों से उनके कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उद्यम एक्सएआई में शामिल होने के लिए कहा। उनकी एक्सएआई कंपनी वर्तमान में उत्पाद, डेटा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के अलावा इंजीनियरों और डिजाइनरों की भी नियुक्ति कर रही है। टेक अरबपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया कि एक्सएआई से जुड़ें। कंपनी जिसने ग्रोक नामक एआई चैटबॉट का अनावरण किया है, एआई ट्यूटर्स को भी नियुक्त कर रही है। कंपनी के अनुसार हम एआई शोधकर्ताओं और इंजीनियरों की एक टीम हैं, जो एआई सिस्टम बनाने के मिशन पर हैं और मानवता को दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकते हैं। मस्क का एआई उद्यम अमेरिका और लंदन में सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र और पालो ऑल्टो में नियुक्तियां कर रहा है। एक्सएआई के अनुसार हालांकि हम व्यक्तिगत रूप से काम करना पसंद करते हैं, लेकिन हम असाधारण उम्मीदवारों के लिए दूरस्थ कार्य के अवसर भी प्रदान करते हैं। कंपनी कर्मचारियों को आकर्षक वेतन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी दे रही है।

# वनवासी कल्याण केन्द्र सरहुल मिलन समारोह कर करलक आयोजन

**रांची।** वनवासी कल्याण केन्द्र कर तत्वावधान में रांची कर बरियातु कर आरोग्य भवन इस्थित सभागार में सरहुल मिलन समारोह कर आयोजन 14 अप्रैल के करल गेलक। रांची महानगर अध्यछ सज्जन सर्राफ प्रस्तावना कर रूप में वनवासी कल्याण केन्द्र बट से जनजाति हित में करल जायेक वाला सेवा कार्य कर बिस्तार से जानकारी देलयं।

बिसिस्ट गोतिया रांची सांसद संजय सेठ कहलयं कि आइज अगर पर्यावरण के कोइयो सुरछित राइख हे, तो ऊ हेके जनजाति समाज। जनजाति समाज यदि नी होतलक तो पर्यावरन संतुलन नी रहतलक। पर्यावरन संतुलन नी रहेक से सृस्टि कर बिनास जरुर होवेला।

डॉ. एच.पी. नारायण कहलयं कि सरहुल परब खली प्रकृति परब नखे, बल्कि सउब प्रकृति कर सउब प्रानीमन कर मेल-मिलाप हेके। पेसा कानून झारखंड में एखन तक लागू नी होय हे। ई लागू नी होवेक से जनजातिमन कर रीति-रिवाज-परम्परा संरछित नी होवे पावत हे। सेले सउब जागा आउर आपन हक मांगा।

झारखंड पंचायती राज बिभाग कर निदेसिका निशा उरांव कहलयं कि धरती हे परिवार आहे। सउब जनजाति प्रकृति के पूजयंना। परिवार के पूजल जायेला। सरहुल कर दिन धरती माता आउर सूर्य देवता कर बिवाह होय रहे। एहे दिन से जनजाति समुदाय नवा-नवा फल, सब्जी के पूजा करेक कर उपरांत सेवन करयंना। एहे दिन से नवा साल कर सुभारंभ होवेला। सखुआ पेड़ कर पता से दोना आउर पत्तरी बनायंना। साल कर बीज से महुआ कर फल कर संगे मेसाय के खायंना।






निशा उरांव कहलयं कि जनजातिमन कर कोनों इतिहास ग्रंथ नखे, जबकि आउर समाज कर इतिहास लिखित आहे। जनजातिमन कर पग-पग, डेग-डेग में गीत गोविन्द, मांदर, ढाक में इतिहास लिखल आहे। संथाली में इके बाहा परब कर रूप में प्रकृति के पूजा करयंना। प्रकृति में बरगद, तुलसी, पीपल के पूजयंना। भारतीय सभ्यता हीं पर्यावरन कर संगे-संगे परम्परा के भी संरछित राइख हे। निशा उरांव पेसा कानून कर बारे में बिस्तृत जानकारी देलयं।

कार्जक्रम कर बीच-बीच में डॉ. बुटन महली आउर लक्ष्मीकांत बड़ाईक सरहुल गीत गाए के अदमीमन कर मन मोइह लेलयं। इकर अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्जक्रम भी होलक।कार्जक्रम के देवव्रत पाहन, बी.आई.टी. कर प्रो. डॉ. प्रदीप मुण्डा, साईनाथ यूनिवर्सिटी कर कुलपति डॉ. एस.पी. अग्रवाल भी सरहुल महोत्सव के संबोधित करलयं। कार्जक्रम में कई मौजा कर पाहनमन आउर समाज में बढ़िया काम करेक वाला अदमीमन के अंग वस्त्र देइ के सम्मानित करल गेलक।

कार्जक्रम कर संचालन संदीप उरांव आउर प्रदीप लकड़ा करलयं। धन्यवाद जनजाति सुरक्षा मंच कर प्रमुख पाहन विमल पाहन करलयं। कार्जक्रम के सफल बनाएक में मेघा उरांव, सोमा उरांव, हिन्दुवा उरांव, सन्नी उरांव, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, विजय केशरी, हीरेन्द्र सिन्हा, नरेश पाहन, महेश मुण्डा, पिंकी खोया, सुशील मरांडी, देवनन्दन सिंह, तुलसी महतो, देवकी मुंडा, नरेश मुंडा, अमित मुंडा, रामकुमार पाहन, सुजाता मुंडा, ललिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, प्रतिभा गोयल, पूनम गुप्ता, रणधीर सिन्हा, बीरेन्द्र सिंह पवन मंत्री अर्जुन राम, डॉ अटल पांडेन्य, भीम मुंडा, जितेश्वर मुंडा, रवि प्रकाश उरांव, प्रेम प्रकाश उरांव आउर अदमीमन आवल रहयं।

## अंबेडकर जयंती में एनएसएस कर स्वयंसेवकमन मतदातामन के करलयं जागरूक

**रांची।** भारतीय संविधान कर निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर कर जयंती में रांची विश्वविद्यालय कर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 14 अप्रैल के मतदातामन के जागरूक करलयं। गोद लेवल स्लम्स मधुकम बस्ती में एनएसएस कर कार्जक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार कर अध्यछता में मधुकम तालाब कर किनारे कार्जक्रम होलक। इकर में एनएसएस कर स्वयंसेवकमन कर संगे स्थानीय छउवामन आउर उनकर मायं-बाप भी सामिल होलयं।



ई अवसर में डॉ ब्रजेश कुमार कहलयं कि सामाजिक समरसता आउर समता मूलक समाज कर निरमान में डॉ अंबेडकर कर अभूतपूर्व जोगदान रइह हे। भारत कर संविधान कर निरमान में उनकी अहम भूमिका रहे। डॉ अंबेडकर कर बिचार आइज भी प्रासंगिक हेके। ऊ कहलयं कि बाबासाहेब कर बिचार 'शिक्षित बनो, संगठित रहो एवं संघर्ष करों' के एनएसएस कर स्वयंसेवकमन के आत्मसात करेक कर जरूरत हेके।एनएसएस कर कार्जक्रम समन्वयक कहलयं कि एनएसएस कर लछ गीत 'ये जाति, धर्म बोलिया, बने ना शूल राह के- बढ़ाएं बेल प्रेम की, अखंडता की चाह की' इके आपन जीवन में उतराते समरस समाज कर निरमान में सउब के आपन जोगदान देवेक कर जरुरत आहे।

ई अवसर में मारवाड़ी महाविद्यालय कर कार्जक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती कहलयं कि स्वयंसेवक डॉ अंबेडकर कर सिद्धांत के याइद करते सामाजिक काम कर प्रति प्रतिबद्ध रहयं।डॉ अंबेडकर कर जयंती कर अवसर में एनएसएस कर टीम लीडर्स क्रमसा दिवाकर, रिकेष, अतुल, अजहर, अंकित, खुशी, ऋषि, सुजल, अमित, कनिष, श्रुति, आदर्श, पलक आदि आपन बिचार बेक्त करलयं। कार्जक्रम कर बाद एनएसएस कर स्वयंसेवकमन रांची लोकसभा कर चुनाव 25 मई 2024 के होवेक हे, इकर जानकारी आसपास कर घरमन में जाए के देलयं। सउब से पहिले मतदान फिर जलपान करेक कर आग्रह करलयं। कार्जक्रम कर संचालन एनएसएस कर टीम लीडर राकेश आउर धन्यवाद अतुल कुमार देलयं।

## अबैध अंग्रेजी सराब से लदाल गाड़ी होलक जब्त मौका से चालक फरार

**गुमला।** चैनपुर पुलिस बेंदोरा गांव कर नजिक अबैध अंग्रेजी सराब से लदल गाड़ी के जब्त करल गेलक। मौका से चालक फरार होय गेलक। टाटा सुमो में अंग्रेजी सराब लोड कइर के गुमला से डुमरी लेगल जात रहे। इकर में भारी मात्रा में अंग्रेजी सराब आउर बियर कर बोतलमन रहे।

चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव बतालयं कि पुलिस के गुप्त सूचना मिइल रहे कि गुमला दने से सफेद रंग कर टाटा सुमो में अबैध अंग्रेजी सराब लानल जात हे। सूचना में तत्काल कार्रवाई करते बेन्दोरा चौक कर सामने चेकिंग लगाल गेलक। इकर बाद एक ठो टाटा सुमो गाड़ी आते दिखलक। उके रुकेक कर इसारा करल गेलक, मकिल पुलिस बल के देइख के ड्राईवर तेजी से गाड़ी के भगाएक लागलक।गाड़ी कर पीछा करेक बेरा ड्राइवर उके बीच रोड में हे छोइड़ के भाइग गेलक। चेक करेक से उक्त वाहन (नंबर : सीजी-14एमबी-3139) में 13 पेटी अंग्रेजी सराब पाल गेलक। उके बिधिवत जब्ती करल गेलक। पता चललक कि उक्त अंग्रेजी सराब दीपक कुमार सिंह (पे-स्व. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सा+थाना डुमरी, जिला गुमला) द्वारा लेगल जात रहे।



## अनुमंडल अस्तरीय फुटबॉल मैच में अनुराधा किशोरी समूह होलक बिजय



**चतरा।** ईलेवन स्टार मैदान में आशा आउर गर्ल्स नॉट ब्राइट कर संयुक्त तत्वावधान में सिमरिया परखंड मुख्यालय कर मैदान में अनुमंडल अस्तरीय फुटबॉल मैच कर आयोजन करल गेलक। अनुराधा किशोरी समूह लूतीडीह आउर झांसी किशोरी समूह देल्हो कर किशोरीमन कर बीच मैच खेलल गेलक। अनुराधा किशोरी समूह लुतीडीह कर किशोरीमन 1-0 से झांसी किशोरी समूह देल्हो के हराय देलयं। ई कार्जक्रम बाल बिवाह कर खिलाफ किशोरी नेतृत्व के मजबूत करेक ले करल जाए रहे। इकर में बिभिन्न स्टेकहोल्डर भाइग लेइ के किशोरीमन कर मनोबल बढ़ालयं। मौका में लोक प्रेरना केंद्र कर सचिव मौसमी बाखला, प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, कविता कुमारी संगे दर्जनों खिलाड़ी मौजूद रहयं।

## स्पंदन अनाथ छउवामन कर संगे मनालक बांग्ला नव बर्स

- छउवामन कर बीच बांटलयं कॉपी, पेंसिल, रबर, चॉकलेट आउर केक

**धनबाद।** समाजसेवी संस्था स्पंदन कर सदस्यमन हीरापुर इस्थित हिंदू मिशन आश्रम में जाए के अनाथ छउवामन कर बीच आइज बांग्ला नव बर्स पोएला बैसाख मनालयं। छउवामन के कॉपी, पेंसिल, रबर, सेपनर, चॉकलेट आउर केक बांटलयं। बांग्ला समुदाय में आपन नवबर्स पोएला बैसाख कर बहुत महत होवेला। ई कार्जक्रम में समाजसेवी संस्था स्पंदन कर अध्यछ मनोज मजूमदार, सचिव बोरनाली सेनगुप्ता कर अलावा देवदास सेनगुप्ता, नीलकमल खवास, प्रसेनजीत पोद्दार, सैकत मल्लिक, राहुल हालदार, बबलु गांगुली, अरबिंदो बैनर्जी, मीता पाल, सुपर्णा पोद्दार, लिलामोय गोश्वामी, शानु चौधरी, ऋषिता सेनगुप्त, रिशान सेनगुप्त आउर पिंटु हालदार उपस्थित रहयं।




## मतदाता जागरुकता के लेइ के होलक वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज

**पश्चिम सिंहभूम।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लेइ के बन्दगांव परखंड कर अंतर्गत नकटी जलाशय में मतदाता जागरुकता के लेइ के वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज कर आयोजन करल गेलक। सुदूरवरती छेतर होवेक कर चलते नकटी छेतर में मतदातामन के जागरूक करेक ले स्वीप कोसांग अनूठा पहल कर तहत नकटी जलाशय में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज कराल गेलक।

इकर में उपस्थित सउब गंवईयामन के निःसुल्क नौका-विहार कराल गेलक। सउब नौका, मोटर बोट, बनाना राइड्स संगे अन्य वॉटर स्पोर्ट्स के चुनाव से संबंधित पोस्टर, पंपलेट, होर्डिंग से सुसज्जित करल जाय रहे।

कार्जक्रम कर माध्यम से उपस्थित सउब अदमीमन के मतदाता परतेग्या देवाल गेलक।

सउब के मौका में जानकारी देल गेलक कि 15 अप्रैल यानी काइल तक जे भी नवा मतदाता जिनकर उमर 18 बछर इया उकर से बेसी हेके, ऊ आपन नाव प्रपत्र 6 कर माध्यम से वोटर लिस्ट मे जोइड़ सकयंना। सिंहभूम लोकसभा छेतर में मतदान तिथि 13 मई निर्धारित हेके। ऊ दिन सउब केऊ आपन मतदान केंद्र में जाए के जरुर मतदान करयं। लोकतंत्र में एक-एक मत कर बहुत बड़ जोगदान होवेला। सेले आपन मताधिकार कर परजोग कइर के एक गो ससक्त लोकतंत्र कर निरमान में आपन सहभागिता जरुर दर्ज करायं।

कार्जक्रम में मुध रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट चक्रधरपुर सुश्री रीना हंसदा, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, सहायक समाहर्ता सुश्री श्रुति राजलक्ष्मी, अंचलाधिकारी चक्रधरपुर गिरजानंद किस्कु, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री ईशा खंडेलवाल, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, बिभिन्न बिद्यालयमन कर छउवामन, जागरूक मतदाता, स्थानीय गंवईयामन संगे जिला आउर परखंड अस्तरीय बिभिन्न कार्जालय कर पदाधिकारी आउर कर्मी मौजूद रहयं।



मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक :** नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com